www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 303 । भोपाल, गुरूवार 2 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

चुनावों के मद्देनजर सड़कों पर निकली पुलिस — पृष्ठ 2
▪ चरित्र की कसौटी पर कंगना और दीपिका
▪ रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती — पृष्ठ 4
▪ तेज हुआ भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों का जनसपंर्क — पृष्ठ 6
सुरेंद्र पटवा और अजय सिंह को मिली राहत, नामांकन को लेकर आपत्ति खारिज — पृष्ठ 8




## सार-समाचार

### सीतलवाड़ की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** उच्चतम न्यायालय ने धन गबन मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और उनके पति जावेद आनंद को 2019 के गुजरात उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए बुधवार को उसकी पुष्टि की। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता अपर्णा भट की अपने मुवक्किल दंपति की अग्रिम जमानत की पुष्टि करने के अनुरोध और संबंधित पक्षों की दलीलें ने सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

### मणिपुर में 44 लोग हिरासत में लिए गए

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने बुधवार को 44 लोगों को हिरासत में लिया। इसमें से 32 लोग म्यांमार के नागरिक हैं। इन पर एक दिन पहले टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके में पुलिस अफसर की हत्या और पुलिस कमांडो टीम पर हमला करने का आरोप है। दरअसल, मणिपुर में मंगलवार को सुरक्षाबलों पर फायरिंग की दो घटनाएं हुईं। पहला मामला टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके का है, जिसमें एक पुलिस अफसर चिंगथाम आनंद कुमार की जान चली गई।

### भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए वेंकटस्वामी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में पूर्व सांसद विवेक वेंकटस्वामी ने भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हो गए। वेंकटस्वामी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को अपने इस्तीफे का पत्र भेज दिया और इसके बाद उन्होंने उसे मीडिया पर साझा कर दिया। उन्होंने भाजपा में रहने के दौरान मिले समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इसके बाद विवेशन ने शमशाबाद हवाई अड्डा के पास स्थित एक निजी होटल में आयोजित समारोह में कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने उनका स्वागत किया। श्री गांधी ने इस अवसर पर वेंकटस्वामी और उनके पुत्र वामशी को पार्टी का दुपट्टा पहनाया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए रेड्डी ने वेंकटस्वामी के कांग्रेस में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और पार्टी सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को चुनौती देने सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि 30 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार

# राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई

**सॉलिसिटर जनरल बोले, गोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई**

नई दिल्ली,एजेंसी। चुनावी बॉन्ड मामले पर बुधवार को दूसरे दिन की सुनवाई हई। इस दौरान कोर्ट में केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड का बचाव किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि चुनावी बॉन्ड से राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है। पहले नकद में चंदा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि गोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा कि राजनीतिक पार्टी को चंदा देने वाले भी गोपनीयता चाहते हैं ताकि दूसरी पार्टी उनके प्रति नाराजगी न रखें। सत्ताधारी पार्टी को ज्यादा पैसे मिलना कोई नई बात नहीं है क्योंकि 2004 से 14 के बीच भी यही हुआ था।



*सत्ताधारी पार्टी को ज्यादा पैसे मिलना कोई नई बात नहीं है क्योंकि 2004 से 14 के बीच भी यही हुआ था: तुषार मेहता, सॉलिसिटर जनरल*

### कालेधन के चलन को खत्म करने का प्रयास

मोदी सरकार ने मौजूदा चुनावी बॉन्ड योजना से राजनीतिक दलों को बैंकिंग चैनलों के माध्यम से साफ-सुथरी मुद्रा सुनिश्चित करने का एक प्रयास किया है। सरकार की योजना है कि जहां तक संभव हो, चुनावों में कालेधन के चलन को खत्म किया जाए। तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सवाल उठाते हुए कहाकि गुमनामी या अपारदर्शिता क्या है। यह योजना गोपनीयता के अलावा और कुछ नहीं है। अगर गोपनीयता का तत्व योजना से चला जाता है तो योजना चली जाएगी। फिर 2018 के पहले वाली व्यवस्था में लौट जाएंगें। इसलिए याचिकाकर्ता बताएं कि 10 कदम पीछे जाने से क्या फायदा होगा!

### मुद्रा के डिजिटलीकरण का दिया उदाहरण

उन्होंने कहाकि जब मुद्रा का डिजिटलीकरण शुरू हुआ तो सरकार का मजाक उडाया गया। लोगों ने कहाकि यह काल्पनिक विचार है। क्या कोई सब्जी विक्रेता डिजिटल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### आज भी होगी सुनवाई

सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की संविधान पीठ ने राजनीतिक फंडिंग से जुड़ी चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार से सुनवाई शुरू की। इससे एक दिन पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया। इसमें उन्होंने कहा कि किसी राजनीतिक दल को मिलने वाले चंदे की जानकारी पाना नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने वेंकटरमनी से मामले में अपनी राय देने को कहा था। एडीआर का पक्ष रख रहे प्रशांत भूषण ने मंगलवार को कोर्ट में कहा था कि चुनावी बॉन्ड लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

सर्वदलीय बैठक के बाद बोले मुख्यमंत्री शिंदे

# महाराष्ट्र की सभी पार्टियां मराठा आरक्षण के पक्ष में

- शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता बैठक में शामिल हुए
- कानूनी प्रक्रिया के लिए समय दें, आंदोलन खत्म करें



**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक की। इसमें शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता शामिल हुए। करीब 3 घंटे की बैठक के बाद दोपहर डेढ़ बजे शिंदे सहयाद्री भवन से बाहर आए और मीडिया से करीब 2 मिनट बात की। शिंदे ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेता इस बात पर सहमत हुए कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। यह निर्णय लिया गया कि आरक्षण कानून के दायरे में और अन्य समुदाय के साथ अन्याय किए बिना होना चाहिए। आरक्षण के लिए अनशन पर बैठे मनोज जारांगे से भी अपील है कि वो अनशन खत्म करें। हिंसा ठीक नहीं है।

**10 जिलों में हिंसक हो गया आंदोलन**– इधर, आरक्षण की मांग को लेकर मंगलवार को एक महिला समेत 9 और लोगों ने आत्महत्या कर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## चुनावी समर में भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज

मुख्यमंत्री ने पुष्पराजगढ़, डिंडौरी, शहपुरा और लखनादौन में की सभाएं, बोले

# प्रदेश को ऐसे हाथों में न सौपें, जो बर्बादी के जिम्मेदार हैं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने 68 वर्षों में मध्यप्रदेश ने प्रगति और विकास की लंबी मंजिल तय की है। प्रदेश को ऐसे हाथों में न सौपें जो प्रदेश की तबाही और बर्बादी के जिम्मेदार थे। जिन्होंने मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार और घोटालों का प्रदेश बना दिया था। उनसे मध्यप्रदेश को बचाना है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज पुष्पराजगढ़, डिंडौरी, शहपुरा और लखनादौन में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष हम आनंद और उत्साह से मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाते हैं। स्थापना दिवस मनाने की परम्परा भी भाजपा सरकार ने शुरू की है। इस बार आचार सहिंता के कारण सरकारी स्तर पर आयोजन नहीं कर पा रहे, लेकिन 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम में भाजपा की सरकार बनेगी। इसके बाद तिथि निश्चित करके धूमधाम से मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाएंगे।

श्री चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी गरीब बहनों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन मैं बहनों की गरीबी दूर करूंगा। मेरा संकल्प है बहनों की जिंदगी में कभी अंधेरा नहीं रहने दूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेसी बड़े ही मायावी हैं, इनके झांसे में मत आना। ये कांग्रेसी आएंगे, भ्रम फैलाएंगे, इधर-उधर की बात करेंगे, इनकी बातों में नहीं आना है। अगर कांग्रेस आई तो न लाड़ली रहेगी न बहना रहेगी। इसलिए इनके भ्रम में नहीं आना है, मोदी जी और मामा के साथ रहना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो जनहित की कल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों का कल्याण करती है और हर क्षेत्र में विकास के कार्य करती है। मध्यप्रदेश में भी विकास की इस गति को बनाएं रखना है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूर्व मुख्यमंत्री ने सुरखी की सभा में कहा-

# कमलनाथ अब 2018 का नहीं 2023 का मॉडल



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सुरखी को अत्याचार और भ्रष्टाचार का केन्द्र बताते हुए कहा कि मैं अत्याचारियों और भ्रष्टाचारियों को यह बताना चाहता हूं कि कमलनाथ अब 2018 का मॉडल नहीं हैं 2023 का मॉडल हैं। उन्होंने उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 40 दिनों बाद कमलनाथ की सरकार बनने के साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। वह सुरखी में आयोजित कांग्रेस की जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं जिम्मेदारी लेता हूं सुरखी के विकास के लिए और जिनके यहां पर मकान तोड़े गए हैं उनके फिर से मकान बनेंगे। उन्होंने कहा कि जब नई सरकार बनेगी तो सुरखी से कांग्रेस का झंडा विधानसभा में बुलंदी से लहराने का काम आप करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्कूलों की बात हो या रोजगार की बात हो मैं उन सभी की जिम्मेदारी लेता हूं हमारी सरकार आने पर हम सागर जिले का विकास करने का काम करेंगे और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सागर में लोगों के साथ हुए अत्याचारों को खत्म करने का करने का काम करेंगे। हमारी सरकार आने पर हम जैसीनगर को नगर परिषद बनाने का काम करेंगे। बीना बांध से प्रभावितों को उचित न्याय और मुआवजा दिलाने का काम करेंगे। श्री कमलनाथ ने कहा कि भाजपा का आज पूरा प्रयास रहेगा कि किसी तरह से समाज को बांट दिया जाए, लेकिन भारत की संस्कृति जोड़ने की संस्कृति है, इसलिए भारत एक झंडे के नीचे खड़ा है। उन्होंने कहा कि आज इस संस्कृति ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दिवाली से पहले तगड़ा झटका

# एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की बढ़ोतरी

**वाणिज्यिक एलपीजी गैस के दो महीने में दूसरी बार बढ़े दाम**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली से पहले लोगों को तगड़ा झटका लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 100 रुपए की बढ़ोतरी की है। पिछले दो महीनों में दूसरी बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्तूबर में कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 209 रुपए की बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के एलपीजी सिलेंडरों की कीमत तब 1731.50 रुपए हो गई थी।

कीमत में नई बढ़ोतरी के बाद अब दिल्ली में 19 किलो वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का दाम 1,731 से बढ़कर 1,833 रुपए हो गया है। वहीं मुंबई में इसकी कीमत 1,785.50 रुपए, कोलकाता में 1,943 रुपए और चेन्नई में 1999.50 रुपए हो गई है। अक्तूबर में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत मुंबई में 1,684 रुपए, कोलकाता में 1,839.50 रुपए और चेन्नई में 1,898 रुपए थी।

एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपए की कटौती की थी। इसके बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1,522 रुपए हो गई थी। अगस्त महीने की शुरुआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपए की कटौती की थी। हालांकि, पिछले दो महीनों में कंपनियों ने दो बार कीमतों में बढ़ोतरी की है। हालांकि, इस दौरान खाना पकाने के लिए रसोई में इस्तेमाल होने वाली घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में कोई भी बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में 14.2 किलो घरेलू सिलेंडर की कीमत अब भी 903 रुपए है।

यूनेस्को ने ग्वालियर को संगीत के क्षेत्र में नामित किया

# ग्वालियर, कोझिकोड बने रचनात्मक शहर

- केरल के कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में मिली उपलब्धि

**पेरिस, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परिषद (यूनेस्को) के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क (यूसीसीएन) में इस वर्ष भारत के दो शहरों -ग्वालियर एवं कोझिकोड को नामित किया गया है। यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में मध्यप्रदेश के ग्वालियर को संगीत के क्षेत्र में और केरल के कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में नामित किया गया है। यूनेस्को ने यूसीसीएन के अंतर्गत 55 शहरों की सूची जारी की है जिसमें भारत के ये दो शहरों को शामिल किया गया है। इस नवीनतम सूची जारी किये जाने के साथ नेटवर्क में 100 से अधिक देशों के 350 रचनात्मक शहर शामिल हो गये हैं जो सात रचनात्मक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं -शिल्प और लोक कला, डिजाइन, फिल्म, पाक कला, साहित्य, मीडिया, कला और संगीत। नए नामित रचनात्मक शहरों को अगले वर्ष पुर्तगाल के ब्राग़ा शहर में एक से पांच जुलाई के बीच होने वाले यूसीसीएन वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

यूनेस्को की आधिकारिक सूचना के अनुसार नए नामित शहर जलवायु परिवर्तन, बढ़ती असमानता, साथ ही तेजी से शहरीकरण जैसे उभरते खतरों का सामना करने के लिए अपने लचीलेपन को मजबूत करने के लिए नेटवर्क सदस्यों के साथ सहयोग करेंगे। यूनेस्को का अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की 68 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहने का है। यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले ने कहा, जब संस्कृति तक पहुंच बढ़ाने और शहरी लचीलेपन और विकास के लिए रचनात्मकता की शक्ति को प्रेरित करने की बात आती है तो हमारे क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क के शहर अग्रणी हैं।

### मध्य काल तानसेन एवं बैजू बावरा हुए

ग्वालियर ऐतिहासिक रूप से संगीत का केन्द्र रहा है। मध्य काल यहां महान संगीतकार तानसेन एवं बैजू बावरा हुए हैं और ग्वालियर की संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन सदियों से किया जा रहा है। ग्वालियर संगीत घराने में गुरु शिष्य परंपरा अभी भी चल रही है। आज भी पूर्ववर्ती सिंधिया राजघराने द्वारा ऐतिहासिक संगीत एवं पारम्परिक वाद्ययंत्रों को बजाने वाले कलाकार और उनकी कला को जीवित रखने के लिए उनका संरक्षण किया जाता है। ग्वालियर में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय भी स्थापित किया गया है जिसमें संगीत, नृत्य, ललित कला और नाटक और रंगमंच में पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

एडीआर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# मप्र के 29 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले

- **कांग्रेस के 16 भाजपा के 12 और बसपा के एक विधायक के खिलाफ हैं अपराधिक मामलें**

***जोगेन्द्र सोलंकी***

***नई दिल्ली, देशबन्धु।*** *जनता से भयमुक्त समाज का वायदा करने वाले राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में कितना अंतर है इसका खुलासा एडीआर की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट से हुआ है। मध्य प्रदेश की मौजूदा विधानसभा में 13 फीसदी यानि 29 विधायक ऐसे है जिनके खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिए है।*

*एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने मध्य प्रदेश विधानसभा 2018 के 230 मौजूदा विधायकों के हलफनामों का विश्लेषण कर एक रिपोर्ट जारी की है। इन 230 मौजूदा विधायकों में से 29 मौजूदा विधायक ऐसे हैं जिनके खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 8(1) (2) और (3) के तहत आने वाले अपराधों के लिए अदालत ने आरोप तय किए है। बता दें कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 उन व्यक्तियों के लिए अयोग्यता निर्धारित करती है, जिन्हें संसद के किसी भी सदन का सदस्य या राज्य की विधान सभा या विधान परिषद का सदस्य चुना जाता है । अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1), (2) और (3) में प्रावधान है कि इनमें से किसी भी उप-धारा में उल्लिखित अपराध के लिए दोषी ठहराया गया व्यक्ति दोषी साबित होंने की तारीख से अयोग्य माना जाएगा और रिहाई के बाद से छह साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य रहेगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 की तीनों उप धाराओं में आईपीसी के तहत आने वाले सभी अपराध शामिल होते हैं।*

*जिन मौजूदा 29 विधायकों के खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिए है उनमें कांग्रेस के विधायकों की संख्या सबसे अधिक यानी 16 है, इसके बाद भाजपा के 12 और बसपा के 1 विधायक हैं। हैरानी की बात ये हैं कि नागदा-खाचरौद निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक दिलीप गुर्जर के खिलाफ गंभीर अपराधों के मामलें अदालत में 17 साल से लंबित हैं। मानहानि के मामले में अमरपाटन सीट से बीजेपी विधायक रामखेलावन पटेल का मामला 16 साल से, रामपुर-बाघेलान से से भाजपा के विक्रम सिंह का मामला 15 साल से, तराना (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक महेश परमार का मामला 13 साल से और गोटेगांव (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नर्मदा प्रसाद प्रजापति का अपराधिक मामला बारह साल से अदालत में लंबित है। एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक 29 में से 10 विधायक ऐसे हैं जिनके खिलाफ दस साल से अधिक करीब बारह अपराधिक मामलें लंबित हैं। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज बताया कि प्रदेश में 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आधिकारिक जानकारी में श्री राजन ने बताया कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5:30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5:30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा। राजन ने बताया कि प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इसमें बालाघाट जिले के तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 108-बैहर (अ.ज.जा.), 109-लांजी और 110 -परसवाड़ा के सभी मतदान केंद्र, मंडला जिले के 105-बिछिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के-47 मतदान केंद्रों पर, 107-मंडला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 8 मतदान केंद्रों तथा डिण्डोरी जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-104 डिण्डोरी के 40 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी।*

## सार समाचार

### पूर्व सीजेआई स्व. लाहोटी की जयंती पर लगा निशुल्क नेत्र

**गुना, देशबन्धु।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के दिवंगत मुख्य न्यायाधीश स्व. रमेश चंद्र लाहोटी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लायंस नेत्र चिकित्सालय के चेयरमेन आलोक अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश सिंघल, सचिव मदन सोनी, निकलंक जैन, गुलशन डाबर, संजय जैन, अमरजीत सिंह सलूजा, मुकेश श्रीमाल, आशीष टांटिया, सुनील अग्रवाल, अनिल सर्राफ, विनोद लाहोटी द्वारा स्व. रमेश चंद्र लाहोटी को स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। नेत्र परीक्षण शिविर में 184 मरीजों चयन कर 35 मरीजों को ऑपरेशन के लिये चयन किया। जिनके ऑपरेशन निःशुल्क किए गए। ज्ञातव्य रहे कि लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना में नेत्र दान की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे मरणोपरांत नेत्र दान कर किन्ही दो जरूरतमंद व्यक्तियों की जिदंगी रोशन कर सकते हैं। साथ ही लायंस नेत्र चिकित्सालय में अब तक 62000 से अधिक के सफल मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया जा चुके हैं। लायंस नेत्र चिकित्सालय में चिकित्सीय उपकरण बैंक की सुविधा किरण सेवा न्यास इंदौर के सहयोग से निःशुल्क उपलब्ध है। जिमसें व्हिल चेयर, पलंग, गद्दा,, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसनट्रेटर इत्यादि उपकरण उपलब्ध है।

### सिटी कोतवाली ने 15 दिन में 20 वारंटी किए गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा निरंतर स्थाई वारंटियों की धरपकड़ की जा रही है। पिछले 15 दिनों में गिरफ्तार 20 वारंटी किए हैं। वहीं मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार एक और स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया है। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री द्वारा जिले में फरार वारंटियों, इनामी बदमाशों आदि सहित विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड हेतु अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिये गये हैं। इस क्रम में सीएसपी गुना श्रीमति श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा न्यायालयों के विभिन्न प्रकरण में फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रहीं है। जिसके परिणामस्वरूप विगत 15 दिनों में गुना कोतवाली पुलिस 20 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है, जो कि लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर बने हुये थे, जिन्हें गुना कोतवाली पुलिस द्वारा दूर दराज से खोज निकालकर न्यायालय समक्ष पेश किये गये हैं। गुना कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटियों की धरपकड़ में की जा रही अपनी कार्यवाही को जारी रखते हुये 1 नवम्बर 23 को भी मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक और स्थाई वारंटी को और गिरफ्तार किया गया है, जिसमें गुना कोतवाली के अप.क्र. 472/16 धारा 341, 323, 294, 506 भादवि एवं माननीय न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 4367/16 में फरार स्थाई वारंटी रवि पुत्र भैरू भील उम्र 37 साल निवासी श्रीराम कॉलोनी गुना के संबंध में आज दिनांक 01 नवम्बर 2023 को मुखबिर से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुये फरार वारंटी को गुना के नानाखेड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार कर, जिसे न्यायालय पेश किया गया है।

### भाजपा का बमौरी में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

# हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ, कांग्रेस आई तो सब बंद कर देगी : सिकरवार



**गुना, देशबन्धु।** केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारों द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है और पार्टी के कार्यकर्ताओं की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि घर घर जाकर इनका प्रचार प्रसार करें और और आने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान कराकर पार्टी को प्रचंड विजयश्री दिलायें। बमौरी विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी महेंद्र सिंह सिसोदिया ने अभूतपूर्व विकासकार्य कराए हैं जिनके चलते यहाँ पार्टी को बड़ी जीत प्राप्त होगी। ये बात बुधवार को बमौरी में विधानसभा चुनाव कार्यालय के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने कही।वहीं पार्टी प्रत्याशी महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में लगभग बाईस हज़ार करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए हैं, जिसमें कई काम पूर्ण हो चुके हैं, कुछ का कार्य चल रहा है और अन्य स्वीकृत हो चुके हैं। पूरी विधानसभा की हर पंचायत में ढेरों विकास कार्य किए गए हैं जिनका लाभ हमे अवश्यरूप से आने वाले चुनाव में होगा। इस अवसर पर जिला प्रभारी गोपाल आचार्य, जिला संयोजक हरि सिंह यादव, बमौरी विधानसभा प्रभारी मनोज दुबे, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बिट्ठलदास मीणा, रामस्वरूप चौकसे, जनपद उपाध्यक्ष बिहारी लाल लोधा, मंडल अध्यक्ष हरि सिंह यादव, मोतीलाल प्रजापति, श्रवण धाकड़, गोवर्धन मीणा, सुनील पाटिल, वीरेंद्र धाकड़ सहित पार्टी कार्यकर्ताओं की उत्साहजनक उपस्थित रही। शुभारंभ कार्यक्रम के बाद श्री सिसोदिया ने खेरोदा, अकोदा, बडनूपुर, मूँदोल, लपचौरा, ककरउआ, आटाखेड़ी, सारेठा, काबर बमौरी, सोनखरा, आटाखेड़ी, पटना, खेरीखता में जनसंपर्क किया और भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की।

### आचार संहिता में स्थानीय रहवासियों की नहीं हो रही सुनवाई

# ढोंगापुरा में धड़ल्ले से लग रहा अवैध मोबाइल टॉवर



**गुना, देशबन्धु।** थोड़े पैसों के लालच में कुछ लोग अपने साथ आसपास के लोगों की जिंदगी की भी परवाह नहीं करते। न नियम की परवाह होती है और न कानून की। नियमों को ताक पर रखकर निजी कंपनी का मोबाइल टावर लगाने का एक ऐसा ही मामला नदी मोहल्ला ढोंगापुरा कैंट में सामने आया है। ढोंगापुरा में रहवासी बस्ती के बीच खाली प्लॉट में उक्त निजी कंपनी का टावर लगाया जा रहा है। घनी आबादी क्षेत्र होने के कारण स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया है। उन्होंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, कैंट थाने में की है, लेकिन टावर लगाने का काम जारी रहा। रहवासियों के अनुसार जिस प्लॉट पर टावर लगाया जा रहा था, वह अवैध है, उसकी अनुमति भी नहीं है।

इस संबंध में कलेक्टर को दिए आवेदन में स्थानीय रहवासियों ने बताया कि नदी मोहल्ला हमीद भाई के मकान के बीच कुछ लोग एयरटेल का बड़ा टॉवर लगा रहे हैं। यहां गड्ढे खोदकर पिलकर बनकर तैयार है और तेजी से टॉवर खड़ा करने का काम जारी है। रहवासियों के अनुसार टॉवर की टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग के तहत भी अनुमति नहीं ली गई है।

यहां काम कर रहे लोगों द्वारा स्थानीय रहवासियों को धमकाते हुए अभद्रता की जाती है। कलेक्टर को दिए आवेदन में रहवासियों ने बताया कि यदि यहां टॉवर लगता है तो उससे निकलने वाली तरंगों से अनेक प्रकार की बीमारियां फैलेंगी। जिससे बच्चे, बूढ़े, महिलाएं एवं बीमार लोगों पर विपरीत असर पड़ेगा। रहवासियों के अनुसार जब उन्होंने उक्त व्यक्ति को टॉवर लगाने से रोका तो वह विवाद करने लगा। स्थानीय रहवासी इकबाल खान, नीरज यादव, फिरोजा बानो सहित अन्य रहवासियों ने उक्त अवैध मोबाईल टॉवर का काम रूकवाने की मांग की है।

## चुनावों के मद्देनजर सड़कों पर निकली पुलिस



**गुना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं जिले में निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु पुलिस द्वारा थाना स्तर पर फ्लेग मार्च निकाले जा रहे हैं। इसी क्रम में एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के नेतृत्व में जिले के बमौरी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह गौर द्वारा अपने थाना स्टॉफ तथा बीएसएफ के भारी बल सहित थाना क्षेत्र के ग्राम पाटन, विशनवाडा, चाकरी, परांठ, मुहाल कॉलोनी आदि ग्रामों में फ्लेग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन से आदर्श आचार संहिता का पालन करने, शांति व्यवस्था बनाए रखने, चुनाव के दौरान निर्भीक होकर मतदान करने तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई साथ ही आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने की हिदायत दी गई।

**जिले की अंतर्राज्य, अंतर्जिला सीमाओं पर नाकाबंदी, चल रही सघन चेकिंग :** इधर जिले में पुलिस द्वारा जिले की अंतर्राज्य व अंतर्जिला सीमाओं पर नाकाबंदी करते हुए राजस्थान राज्य की सीमा पर 13 अंतर्राज्यीय नाका एवं जिला शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा एवं राजगढ जिलों की सीमाओं पर कुल 12 अंतर्जिला नाका बनाए गए हैं। जिन पर पुलिस एवं प्रशासन की टीमें मुस्तैद की गई हैं, जिनके द्वारा जिले की सीमा से आने जाने वाले वाहनों व व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखते हुए जिनकी सघन चैकिंग की जा रही है। इसके साथ ही जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में भी पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक अभियान के रुप में वाहनों, सार्वजनिक स्थानों, संदिग्धों, संवेदनशील क्षेत्रों आदि में सघन चैकिंग करते हुए लोगों की संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही हैं।

इधर एसपी विजय कुमार खत्री द्वारा जिले में लगाई गई संपूर्ण पुलिस व्यवस्था की स्वयं द्वारा निरंतर मॉनीटरिंग की जा रही है। साथ ही जिले में शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस बल की हौसला अफजाई की जा रही है।

### ..जब गोपीलाल से समर्थन मांगने पहुंचे पंकज कनेरिया

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पंकज कनेरिया चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतर गए हैं। उनके साथ कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता रोजाना 7 से 8 वार्डों का भ्रमण कर रहे हैं। बुधवार को पंकज कनेरिया शहर के वार्ड क्रमांक 22 में पहुंचे, जहां उन्होंने गुना विधायक गोपीलाल जाटव के घर जाकर भी वोट देने की अपील की।

चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अनोखे अंदाज में नजर आ रहे हैं। वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ युवा कार्यकर्ताओं की टोली लेकर शहर में जनसम्पर्क कर रहे पंकज एक तरफ कांग्रेस के चुनावी वायदों की जानकारी दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा द्वारा 20 सालों में की गई शहर की दुर्दशा को लेकर भी जनता का ध्यान आकर्षित करा रहे हैं। मूलभूत समस्याओं के अलावा पंकज का मुद्दा प्रत्याशी चयन का मापदंड भी नजर आ रहा है। पंकज कनेरिया ने भाजपा द्वारा वयोवृद्ध नेता को टिकट देने का मुद्दा भी आमजन के सामने रखा जा रहा है। उनका तर्क है कि भाजपा के पास गुना में प्रत्याशियों का टोटा पड़ गया था, इसलिए युवाओं को तरजीह न देते हुए ऐसे उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारा गया है, जो बुजुर्ग हो चुके हैं। वहीं कमलनाथ द्वारा 15 महीनों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्य भी पंकज कनेरिया गिनवा रहे हैं। उनका दावा है कि भाजपा कमलनाथ सरकार की उपलब्धियों से घबरा गई थी, इसलिए उनकी सरकार गिरवा दी थी। भाजपा को अंदेशा था कि अगर कमलनाथ इसी तरह 5 साल विकास कार्य करते रहे तो उसे दोबारा कभी सत्ता नसीब नहीं होगी।

### निर्दलीय प्रत्याशी ने आवेदन देकर की सुरक्षा की मांग



**गुना, देशबन्धु।** नाम वापिसी के एक दिन पूर्व तक कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे हरिओम खटीक लगातार बागी बने हुए हैं। उन्होंने सिटी कोतवाली में आवेदन देकर निर्दलीय चुनाव लडने् के कारण अपनी जान को खतरा बताया। श्री खटीक के अनुसार उन पर लगातार प्रेशर बनाकर धमकियां दी जा रही हैं। ऐसे में उनकी जान को खतरा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस से टिकट की मजबूत दावेदारी कर रहे हरिओम खटीक टिकट नहीं मिलने से खासे नाराज हैं। उन्होंने निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। वहीं विगत दिवस अपने समर्थकों के साथ नामांकन फॉर्म जमा कर शक्ति प्रदर्शन किया था। इसके पूर्व उन्होंने टिकट को लेकर नाराजगी कांग्रेस के वरिष्ठजनों के समक्ष रखी। इस बारे में श्री खटीक ने बताया कि उन्होंने 22 साल से कांग्रेस में रहकर काम किया है। चुनाव में टिकट नहीं मिलने के कारण वह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। जिसके चलते उन पर कई लोग प्रेशर बना रहे हैं। इसलिए उनकी जान को खतरा है। कोतवाली में दिए आवेदन में उन्होंने पुलिस सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की है।

## आचार्य नरेन्द्र देव का सूत्र वाक्य समाजवादी आंदोलन का आधार बना



आज समाजवादी आंदोलन के सबसे वरिष्ठ और एक प्रकार से पितामह कहे जाने वाले आचार्य नरेंद्रदेव का जन्मदिन है। आचार्य जी के जीवन के कितने ही महत्वपूर्ण पक्ष है जिन्हें आज याद किया जाना चाहिए। वह आजादी के आंदोलन के एक बड़े योद्धा थे और 9 अगस्त 1942 को जब महात्मा गांधी को गिरफ्तार कर यरवदा जेल में रखा गया तब आचार्य जी उनके साथ थे।हिंदुस्तान के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी पुस्तक की भूमिका में लिखा था कि अगर आचार्य जी जेल में मेरे साथ नहीं होते तो शायद मैं यह पुस्तक नहीं लिख पाता। आचार्य जी एक प्रकार के ऐसे ज्ञानकोष थे जिनके पास हर विषय के ज्ञान का भंडार था। वे गांधी जी के साथ भी जेल में रहे। आचार्य जी ने बौद्ध धर्म पर बहुत काम किया और महत्वपूर्ण किताबें लिखी।

आचार्य जी लोकतंत्र को सबसे महत्वपूर्ण मानते थे और कहते थे "नो सोशलिज्म विदाउट डेमोक्रेसी" लोकतंत्र के बगैर समाजवाद संभव नहीं है। यह उनका एक मूल और सूत्र वाक्य था जो आने वाले समय में समाजवादी आंदोलन का आधार बना। आचार्य जी का सभी समाजवादी सम्मान करते थे और आचार्य जी समाजवादियों को सम्माननीय और स्वीकार्य थे। डॉ लोहिया तो आचार्य जी के विशेष स्नेह प्राप्त थे। और यहां तक की आचार्य जी को कई बार दौरे पर जाना होता था तो आचार्य जी अपने स्थान पर कई जगह डॉ राममनोहर लोहिया को पहुंचाते थे।

उनका विश्वास उनकी योग्यता में था और जब डॉक्टर लोहिया को सोशलिस्ट पार्टी से निकाला गया तब उसे समय जो व्यक्ति सबसे दुखी थे वे आचार्य जी ही थे। आचार्य जी जब कुलपति थे तो छात्रों के लिए उनका व्यवहार प्रेम अदभुत था। अनेक छात्र तो उनके कुलपति भवन में ही रहते थे। वे अपनी तनख्वाह के पैसे से उनकी फीस चुका देते। उन्होंने कुलपति पद पर रहते ऐसी कई आदर्श परंपराएं स्थापित की थीं।

आज उनके नैतिक मूल्यों की याद आती है। जब आचार्य जी और अन्य लोगों ने मिलकर कांग्रेस पार्टी से हटकर सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की उसे समय आचार्य जी कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर जीते हुए विधायक थे। आचार्य जी ने यह कह कर कि जब हमने उस पार्टी को छोड़ दिया जिसके चुनाव चिन्ह पर हम लड़े थे तो हमें नैतिक आधार पर इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। आचार्य जी ने विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया और उप चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। कांग्रेस पार्टी ने भी उनके विरुद्ध बाबा राघवदास को खड़ा कर सांप्रदायिक आधार पर चुनाव जीता। जो बीज कांग्रेस ने बोया आज उसी की फ़सल भारतीय राजनीति में सांप्रदायिक ताकतें काट रहीं हैं।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपोत्सव मनाया जाएगा

**गुना, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक हनुमंता मंदिर पर रखी गई। जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा राम दरबार का पूजन आचार्य पद्धति से किया गया। बैठक में विभाग सह मंत्री दिलीप सिंह कुशवाह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समय दीप उत्सव, मंदिर में सामूहिक आरती, संत यात्रा, व्यापक जनजागरण, विहिप शस्ति पूर्ति वर्ष में सभी कार्यकर्ताओं पूर्णकालिक बनकर कार्य करने एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी सभी कार्यकर्ताओं को दी। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इमरत सिंहने कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी समिति बनाने का आग्रह किया। बैठक में शस्त्र पूजन पर विशेष योगदान देने वाले नगर अखाड़ा प्रमुख अभिषेक तिवारी एवं नगर संयोजिका बुलबुल रजक, नगर सहसंयोजिका भूमिका कुशवाह, खुशबू चौरसिया व सभी बहनो का सम्मान किया गया। बैठक में नवीन घोषणाएं भी की गई।

जिसमें आरोन नगर में धर्मेंद्र राजपूत नगर मिलन प्रमुख, रोहित कुशवाह नगर सुरक्षा प्रमुख, गुना नगर में खुशबू घेंघट एवं पिंकी ओझा नगर सह संयोजिका, सावित्री खंड में डॉ किशोर लोधा अध्यक्ष, अशोक जाटव मंत्री और विक्की पाल संयोजक की घोषणा की गई। बैठक का संचालन जिला मंत्री राकेश शर्मा ने किया एवं आभार नगर मंत्री गौरव कुशवाह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग विशेष संपर्क प्रमुख मनोहर महाराज, जिला सहमंत्री रामप्रसाद शर्मा, जिला सह संयोजक सुनील, सुरक्षा प्रमुख रिन्कू, विधि प्रमुख विक्रम, मिलन प्रमुख लोकेश, जिला संयोजिका काजल ओझा एवं प्रखंड, खंड के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक सहित 5 उम्मीदवारों के जांच में फार्म निरस्त

**आष्टा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव मे 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 10 दिन का समय नामांकन फार्म भरने के लिए उम्मीदवारो को अवसर दिया था। जो कि 18 उम्मीदवारो ने अपने फार्म भरे चुनाव आयोग की ओर से 31 अक्टूबर को जांच तारीख तय की गई। 18 उम्मीदवारो की जांच की गई। जिसमे से 5 फॉर्म चुनाव आयोग के मापदंड मे खरे नही उतरे इसलिए निरत किए गए। वही आज भाजपा नेता कैलाश बगाना ने भी अपना नामांकन फार्म निकाल लिया है। निरस्त हुए फार्मो मे जिसमे विधायक रघुनाथसिंह मालवीय भी शामिल है।

कंट्रोल रूम से ली जानकारी के अनुसार निरस्त हुए फार्मो मे विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, राजकुमार मालवीय, बरखा वर्मा, सेवालाल सोलंकी एवं पूजा मालवीय का कम उम्र के कारण नामांकन फार्म निरस्त हुआ है एवं कैलाश बगाना ने भी अपना फॉर्म निकाल लिया।

## कांग्रेस के वचन पत्र के साथ मतदाताओं के बीच जा रहे चौहान



**आष्टा, देशबन्धु।** मुफ्त बिजली किसाानो को, कर्जमाफी होगी समस्त किसानो की, समस्त झुग्गी बस्तियों की रजिस्ट्री करवाई जाएगी एवं रजिस्ट्री मकान निर्माण के लिए धनराशी भी उपलब्ध करवाई जाएगी यह सभी योजनाएं हमारी सरकार देगी। यह सब तभी संभव हो सकता है जब मध्य प्रदेश जब मध्य प्रदेश की जनता जनार्दन कांग्रेस उम्मीदवारों को जिताएं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएं। यह बात जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान ने डुका, भमुरा, धनाना, हकीमाबाद, सांवतखेडी, बगडावदा, शंभुखेडी, सेवदा, खामखेडा, बैजनाथ, टिटोरिया, चामसी, खडीहाट, चिन्नौठा, गोपालपुर एवं मर्दाखेडी क्षेत्र के चुनावी दौरे के दौरान जनता को कही। आज के दौरे में कांग्रेस को बेहतर जन समर्थन उम्मीदवार के पक्ष में देखने को मिला। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के साथ भीम सिंह ठाकुर मेहतावाड़ा, बलबहादुर सिंह भगतजी, रमेश मुकाती, चैन सिंह यादव पूर्व सरपंच, प्रहलादसिंह, शोभाल सिंह मुलगी, महेश मुंडी खेड़ी, भैया मियां, नरेंद्र सिंह भाटी, शिवनारायण परमार, मेहरबान सिंह बूंदी ,खेड़ी अनार सिंह मेवाडा ,राजेंद्र सिंह कुरावर, ठाकुर प्रसाद वर्मा, राजेंद्र सिंह सरपंच कटारिया, डॉक्टर ओपी वर्मा , राजेश यादव, कमल सिंह पहलवान, कमलेश राजपूत, शंकर लाल बोडाना, अरविंद मेवाड़ा जाता खेड़ा, प्रेम सिंह पटरिया रमेश जी मेवाड़ा दिलीप सिंह अवल कमल सिंह मेवाडा शैलेंद्र जी मेवाड़ा जितेंद्र सिंह शोभा खेड़ी देवराज पटेल देवराज परमार रवि परमार रामेश्वर परमार राकेश जांगड़ा कमल परमार शैलेंद्र सिंह ठाकुर गोलू ठाकुर संदीप सिंह हाजीपुर धर्मेंद्र निर्मल खेड़ी चंद्र सिंह ठाकुर गुड्डू भाई मैं जुगल पटेल श्यामपुर प्रेम सिंह सैनिक श्रवण सिंह राय सिंह यादव अर्जुन सिंह मंडला जीवन सिंह कटारिया आदि मौजूद रहे के साथ-साथ समस्त मंडलम सेक्टर एवं बुध प्रभारी मौजूद रहे।

## महिला मोर्चा ने किया सघन जनसंपर्क, मांगे पार्टी के लिए वोट



**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी गोपालसिहं इंजीनियर के पक्ष में प्रचार प्रसार में सभी मोर्चे और प्रकोष्ठ हुए सक्रिय, राजनीति सरगर्मी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया जा रहा है । जिसमे ग्राम मुंडला हुसैनपुरखेड़ी सांवतखेड़ी लखमी पुरा आदि में घर घर जाकर भाजपा की राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाएं बताई जा रही है लाड़ली बहना योजना के अतंर्गत बहनों से संपर्क किया।इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा में डॉ सुरुचि सिंह, जिला कोषाध्यक्ष संध्या बजाज, भगवती सोनी,रूपाली चौरसिया ,विनीता, सगीता शुक्ला, गिराजा कुशवाह,कुणाल यादव, विष्णु परमार, रानू परमार, मिलन गणघोर आदि उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर को जनसंपर्क में मिल रहा जन समर्थन



*आष्टा, देशबन्धु। जावर मंडल के विभिन्न ग्रामों में भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा जनसंपर्क किया गया। भाजपा की राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रत्येक ग्राम चौराहे पर योजनाओं के लाभ बताकर घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और जनसंपर्क में भाजपा के वरिष्ठगण मंडल के पदाधिकारी भी अपनी सहभागिता दे रहे है। महत्वपूर्ण भूमिका के आधार पर भाजपा के योग्य प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर को भारी जन समर्थन मिल रहा है। विभिन्न ग्रामों के दौरे में बमूलिया रायमल, छायन, कजलास ,बीसूखेड़ी, जिवापुर मवडिया, मुंडला, कर्मनखेड़ी, हाजीपुर अरनिया गाजी डोडी में प्रभावी जन आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जनसंपर्क में पाठ्यपुस्तक के पूर्व अध्यक्ष राय सिंह सेंधव बाबूलाल पटेल जिला उपाध्यक्ष कल्याण सिंह मंडल अध्यक्ष राजन केशव विजेंद्र सिंह ठाकुर वीरेंद्र सिंह ठाकुर नगर परिषद अध्यक्ष जावर मनोज वेद संजू वेद महिला मोर्चा नेत्री मीणा जोशी धर्मेंद्र सिंह मदन सिंह विश्वकर्मा हरेंद्र सिंह विश्वकर्मा अजब सिंह ठाकुर कमल मालवी देवेंद्र सिंह अजय पहलवान दिनेश शर्मा सूरज पहलवान कृपाल सिंह राजा ठाकुर जीवन पाटीदार और जयप्रकाश पाटीदार सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### सामान्य प्रेक्षकों ने निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

# शांति पूर्ण और निष्पक्ष चुनाव प्राथमिकता, मतदान दलों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दें

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुधवार को भोपाल जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षकों एवं पुलिस प्रेक्षक ने निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बैरसिया के सामान्य प्रेक्षक कांतीलाल डाडे, भोपाल उत्तर के सामान्य प्रेक्षक राजेश कुमार यादव, नरेला के सामान्य प्रेक्षक प्रवीण एन गेदाम, भोपाल दक्षिण पश्चिम की सामान्य प्रेक्षक श्रीमती सुजाता साहू, भोपाल मध्य के सामान्य प्रेक्षक दीपेन्द्र कुमार चौधरी, गोविंदपुरा के सामान्य प्रेक्षक संदीप जे जैकस, हुजुर के सामान्य प्रेक्षक तलत परवेज, पुलिस प्रेक्षक डॉ. मनोज कुमार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त फ़्रेंक नोबल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सामान्य प्रेक्षकों ने कहा कि जिले में निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण निर्वाचन कराया जाना ही हम सबकी प्राथमिकता है। इसके लिए सभी आरओ, एआरओ सेक्टर अधिकारी, पुलिस लगातार एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारी, आम जनता के मध्य विश्वास का वातावरण बनाने के लिए लगातार कार्य करते रहे। साथ ही अन्य आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान पर्ची का समय से वितरण प्रारंभ करने एवं उनके ठीक से वितरण पर ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।

प्रेक्षकों ने अभी तक की गई कार्यवाहियों, स्ट्रॉन्ग रूम, ईवीएम मशीनों की सुरक्षा, मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने प्रेक्षकों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

**भोपाल, देशबन्धु।** मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुआ। इसी के साथ माइक्रोऑब्जर्वर्स का भी द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। मतदान दलों के द्वितीय रेंडमाइजेशन से मतदान दलों को विधानसभा क्षेत्र आवंटित होता है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, बैरसिया के सामान्य प्रेक्षक कांतीलाल डाडे, भोपाल उत्तर के सामान्य प्रेक्षक राजेश कुमार यादव, नरेला के सामान्य प्रेक्षक प्रवीण एन गेदाम, भोपाल दक्षिण पश्चिम की सामान्य प्रेक्षक श्रीमती सुजाता साहू, भोपाल मध्य के सामान्य प्रेक्षक श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, गोविंदपुरा के सामान्य प्रेक्षक श्री संदीप जे जैकस, हुजुर के सामान्य प्रेक्षक तलत परवेज, पुलिस प्रेक्षक डॉ. मनोज कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री फ़्रेंक नोबल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# देशभक्ति गीतों के साथ मनाया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर मध्यप्रदेश गान, राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन गण मन का सामूहिक गायन मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में सपंन्न हुआ। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के दल ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

स्थापना दिवस एवं वंदेमातरम गायन में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिहं बैंस, अपर मुख्य सचिव, मोहम्मद सुलेमान, विनोद कुमार, जे.एन.कसोटिया, श्री राजेश राजौरा,मलय श्रीवास्तव, एस.एन. मिश्रा, के.सी.गुप्ता, प्रमुख सचिव, शिवशेखर शुक्ला, राघवेन्द्र सिंह, सचिव, संजय गुप्ता, आयुक्त, श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर, उप सचिव, गिरीश शर्मा, श्रीमती मीनाक्षी सिंह, डी.के. नागेन्द्र, श्रीमती माधवी नागेन्द्र एवं मंत्रालय सहित सतपुड़ा, विंध्याचल भवन, के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश भवन में मनाया स्थापना दिवस

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश भवन में आज गरिमामय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सुरक्षा एवम समन्वय ए. साई मनोहर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी की। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन किया। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर मध्यप्रदेश भवन में आकर्षक विद्युत साज सज्जा भी की गई है

### 19 साल से नहीं हुआ जमीन का नामांतरण

# जमीन की रजिस्ट्री दूसरे के नाम न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित

**जतारा, देशबन्धु।** जतारा थाना अंतर्गत हरपुरा पंचायत के राकेश कुमार कुशवाहा पिता परमू कुशवाह निवासी हरपुरा ने आज जतारा थाना आकर एक लिखित आवेदन दिया है कि उसने कहा है कि मैं अपने भाई लच्छू मातादीन पिता जस्सु कुशवाहा और जसराज पिता लब्बू कुशवाहा के साथ मिलकर अनावेदक खितई कुशवाहा पिता घसीटा कुशवाह निवासी लाल खुर्द से भूमि खसरा क्रमांक 350/1 और 348/1/2 रकवा क्रमश 1/807 हेकक्टर एंव 0/800 हेक्टरकुल रकवा 2/607 हेक्टर में से हिस्सा 1/3 रकवा 0/8699 हेक्टर लकवा मैंने 307 2004 में 150000 रुपए प्रतिफल देकर करे किया था।



जिसका नामांतरण हेतु तहसीलदार जतारा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था, तथा तहसीलदार जतारा द्वारा नामांतरण का आदेश भी पारित किया गया था, लेकिन तहसीलदार के आदेश के बाद पटवारी ने उसे गुमराह कर खसरा नंबर 350/1का नामांतरण प्राथी के नाम कर दिया पर खसरा नंबर 348 बाते एक का नामांतरण छोड़ दिया गया। जिसमें सुधार हेतु प्रार्थना द्वारा अनिवार्य अधिकारी जतारा के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था जो सुनवाई लंबित है लेकर अनावेद के खितई कुशवाहा द्वारा खसरा क्रमण 348/1को फिर से अनावेदक महिला कमला पत्नी राम राजकुमार रजक निवासी लाल खुर्द को महेश तिवारी पिता रघुनंदन तिवारी ने षडयंत्रगत तरीके से उसको पुन: विक्रय करवा दिया गया और मुझे उसकी रुपए हड़प लिए गए प्रार्थी ने कहा है कि मुझे जिसकी आपूर्ति नहीं क्षति हुई है तथा अनावेदक खितई कुशवाहा एक चालक किस्म का व्यक्ति है। मेरा आवेदन स्वीकार कर जांच कर पुन: कर अनावेदक कुशवाहा पिता घसीटा कुशवाह निवासी लाल खुर्द के विरुद्ध एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही मांग की है।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह का समापन कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल, देशबन्धु।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह (अक्टूबर) के अंतर्गत भोपाल में जारी कार्यक्रमों का आज जय प्रकाश चिकिसलय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों से समापन हो गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,मप्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत इन कार्यक्रमों को आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि सारी दुनिया हर साल 10 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाती है जिसके लिए हर साल एक थीम निर्धारित की जाती है। इस साल की थीम मानासिक स्वास्थ्य- एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भोपाल के निर्देशन और सिविल सर्जन जयप्रकाश चिकित्सालय, भोपाल की निगरानी में मानसिक स्वास्थ्य समस्या स्क्रीनिंग, उपचार और जागरूकता शिविर पूरे अक्टूबर माह में सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और ज़िला अस्पताल में आयोजित किये गए। आज जय प्रकाश अस्पताल के अधीक्षक डॉ आर के श्रीवास्तव निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज आयोजित कार्यक्रम में अस्पताल की मातृत्व इकाई में माताओं के मानसिक स्वाथ्य पर एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें प्रसव पूर्व और और प्रसवोत्तर मानसिक स्वास्थ्य के पक्षों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में डॉ जेसानी, डॉ श्रद्धा अग्रवाल, डॉ रेणु चुघ, डॉ आर के बैरागी, डॉ नूपुर और राहुल शर्मा ने संबोधित किया।

इसके उपरांत अस्पताल में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मानसिक व नशा संबंधी समस्याओं और तनाव व आत्महत्या जैसी समस्याओं की स्क्रीनिंग कर पीड़ितों को उपचार व मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ साथ मानसिक समस्याग्रस्त लोगों के मानवाधिकारों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर मानसिक समस्याग्रस्त लोगों के केयरगिवर्स का भी उन्मुखीकरण किया गया व मानसिक स्वास्थ्य और टेलीमानस कार्यक्रम पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टेली-मानस कार्यक्रम के अंतर्गत जारी मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नम्बरों (14416 और 1800-89-14416) को प्रचारित करते हुए एवम मनकक्ष में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सूचना-शिक्षण सामग्री वितरित की गई।

आज के कार्यक्रम के दौरान जय प्रकाश चिकित्सालय, भोपाल में पदस्थ डॉ आर के बैरागी, (मानिसक रोग विशेषज्ञ) डॉ नूपुर और डॉ रश्मि (राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम), राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के राहुल शर्मा (चिकित्सा मनोवैज्ञानिक) और उपेंद्र सिंह कंसाना (मानसिक रोग नर्स), मेखला श्रीवास्तव, वंदना सिंह, आराधना गुप्ता और स्वाति सिंह (मनोवैज्ञानिक) द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गई और आवश्यकता प्रतीत होने पर लोगों को उपचार और परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे प्रतिभागियों के सवालों पर विशेषज्ञों द्वारा उत्तर दिए गए। कार्यक्रम में लगभग 150 से ज़्यादा लोगों ने भागीदारी की।

### सीबीएसई क्लब मध्यप्रदेश के बैनर तले चल रही एथलेटिक्स प्रतियोगिता

# नौगांव के बेटे ने 5 सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया मान

**नौगांव, देशबन्धु।** शहर के प्रॉपर्टी डीलर के कटनी के स्कूल में अध्यनरत बेटे ने भोपाल में सीबीएसई क्लब द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेते हुए 5 सौ मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल तो वहीं पंद्रह सौ मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतते हुए अपने परिवार सहित शहर का मान बढ़ाया है। प्रतिभागी युवा ने यह प्रतियोगिता जीतने के साथ ही रायपुर में 5 से 7 नवंबर तक आयोजित होने वाली नेशनल एथलेटिक्स चैंपियन के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।



शहर के पत्रकार एवं प्रोपर्टी डीलर शिवोम सिंह शिब्बू यादव के पुत्र जय यादव ने शहर का नाम रोशन किया है। कटनी के सन इंटरनेशल स्कूल में अध्यनरत बारहवीं के छात्र जय यादव ने भोपाल के एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल में सीबीएसई क्लब मध्य प्रदेश के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेते हुए 5 सौ मीटर दौड़ में में प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल तो वहीं पंद्रह सौ मीटर दौड़ में तीसरा स्थान पाते हुए सिल्वर मेडल जीता है।

भोपाल में 28 से 31 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के 65 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।जय यादव ने 500 मीटर दौड़ में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल जीता। गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही जय यादव ने रायपुर के यश गोपाल पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाली नेशनल चैंपियन के लिए क्वालीफाई कर लिया है। जय यादव ने अपनी सफलता के लिए अपने माता पिता के साथ - साथ स्कूल कटनी के प्राचार्य अमित कुमार शर्मा को श्रेय दिया है। आपको बता दें की जय यादव ने कक्षा 5वी तक नौगांव के आर्मी स्कूल में पढ़ाई की और 6वी कक्षा से वह कटनी में अध्यनरत है। रायपुर में आयोजित नेशनल चैम्पियन में भारत के साथ-साथ 5 विदेशों के छात्र भी भाग लेंगे। जय यादव के पिता मूलत: ग्राम बिलहरी के निवासी है और वह सरपंच भी रह चुके है।

# आतिशबाजी विक्रेता विस्फोटक अधिनियमों का पालन करें: कलेक्टर

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहार को देखते हुए थोक आतिशबाजी विक्रेताओं की बैठक लेकर उन्हें विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं विस्फोटक नियम-2008 में दिए गए प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने विक्रेताओं को सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण रखने के निर्देश भी दिये। अस्थाई दुकानों में प्रर्याप्त दूरी सहित अस्थाई दुकानों के संबंध में अन्य नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाये। कलेक्टर ने स्थाई एवं अस्थाई दुकानों का वेरिफिकेशन शीघ्र कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये ।

थोक आतिशबाजी 1500 के.जी. एवं 500 के.जी की दो दुकानों के मध्य 15 मीटर की दूरी होना आवश्यक है इस सम्बंध में पूर्व में भी निर्देश दिये गए। 50 के0जी0 आतिशबाजी दुकानों के मध्य 3 मीटर की दूरी होना आवश्यक है।

आतिशबाजी विक्रेता 125 डेसीबल से ज्यादा आवाज वाली किसी भी प्रकार की आतिशबाजी का विक्रय नहीं कर सकेगा ।

सभी दुकानदारों को जिला दण्डाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी दुकानदार सुतली बम न तो दुकान पर रखेगा तथा न ही उसका विक्रय करेगा।

जिन आतिशबाजी विक्रेताओं ने अपनी दुकाने से लगा कर अन्य छोटी दुकाने किसी भी प्रकार की लगा रखी हो अथवा आतिशबाजी के अलावा अन्य किसी भी प्रकार का व्यवसाय किया जा रहा है तो उसे तत्काल वहां से हटाया जाए। सभी दुकानदारों को किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति से निपटने के लिए आकस्मिक उपाय करने जैसे अग्निशमन यंत्र, सीज् फायर, रेत की बाल्टियां, पानी आदि हमेशा दुकान के आस पास पर्याप्त मात्रा में रखें।

आतिशबाजी दुकानदार दुकानों में आतिशबाजी के खाली खोखे, बारदाना जो दुकानों के सामने एवं आस-पास रखी रहती है वह सामग्री नहीं रखी जाए। दुकानदार आतिशबाजी दुकान के बाहर न तो रखेगें ओर न ही डिस्प्ले करेगें ।

आतिशबाजी दुकानों के स्थल पर फायर बिग्रेड एवं अन्य व्यवस्था हेतु आयुक्त, नगर निगम भोपाल को पत्र लिखा गया।

कोई भी दुकानदार दुकान के आस-पास किसी भी प्रकार की अतिशबाजी की टेस्टिंग नहीं कराएगें। आतिशबाजी मार्केट एवं अन्य आतिशबाजी की दुकानों पर किसी भी प्रकार का धूम्रपान नहीं किया जाए। सभी दुकानदार नोटिस अपनी दुकान पर चस्पा करेंगे। कोई भी दुकानदार अपनी दुकानों के आगे किसी भी प्रकार के वाहनों की पार्किंग न तो स्वंय करेगा और न ही किसी व्यक्ति को पार्किंग करने देगा। लगेज आटो आदि भी दुकानों से पर्याप्त दूरी पर खड़े किए जाएंगे एवं वाहन पार्किंग हेतु गार्ड की व्यवस्था की जाए।

कोई भी दुकानदार लोकल कम्पनी अथवा जो शासन से मान्यता प्राप्त न हो उनकी आतिशबाजी न तो दुकानों पर रखी जाएगी, न ही विक्रय की जाएगी।

सभी आतिशवाजी विक्रेताओ की दुकानों पर बिजली की वायरिंग खुली न हो एवं प्रत्येक मास्टर स्विच से फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए जिससे की शार्ट सर्किट होने पर विद्युत प्रवाह स्वत: ही बन्द हो जाए। इस बाबत भी पर्याप्त ध्यान दिया जाए।

सभी आतिशवाजी विक्रेताओ की दुकान पर चायनीज आतिशबाजी क्रय - विक्रय न किये जाने के संबंध में डिस्प्ले (फ्लेक्स) लगाना अनिवार्य होगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नागदा जिला उज्जैन

**विज्ञप्ति सूचना**

क्रमांक एफ- / राजस्व / 2023/6431 नागदा, दि. 01.11.2023

इस सूचना द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के निम्नांकित विवरण के भवन / भूमि के स्वामित्वों / उत्तराधिकारी की ओर से आवेदन पत्र इस कार्यालय में म.प्र. न.पा.अधिनियम 1961 की धारा 150 (1) (2) (3) के अनुसार नामांकन की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरुप धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाना है। अत: जिस किसी को नाम किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति होतो विज्ञप्ति के प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रुप से मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्रं. | मोहल्ले का नाम | वर्तमान न.पा. रिकार्ड में दर्ज | हस्तांतरणकर्ता का नाम | भवन/भूमि जिसके नाम होना है | नामांकन चाहे जाने का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमला रोड | ओमप्रकाश-धन्नीराम | ओमप्रकाश-धन्नीराम | शेख जुबेर-शेख ओसामा | रजि./ भवन |
| 2 | इंगोरिया रोड के पीछे | निरंक | अमजद अली, असगर अली ईशाक मो. अब्दुल रजक | दशरथ-रामचन्द्र | रजि./प्लाट |
| 3 | बेरछा रोड पाल्या गाँव | निरंक | अमृतलाल - काशीराम | पुष्पाबाई-अमृतलाल | मृत्यु प्र.पत्र, शपथ पत्र/भवन |
| 4 | दुर्गापुरा | निरंक | प्रेमनारायण-लालाराम | ममता-विजेन्द्र सिंह | रजि./प्लाट |
| 5 | प्रकाश नगर गली नं. 03 | प्रेमलता भेरूलाल टांक | प्रेमलता भेरूलाल टांक | रमेशचन्द्र-देवीलाल मीणा | रजि./भवन |
| 6 | जवाहर मार्ग गली नं.02 | पुष्पा- जुझार सिंह | पुष्पा- जुझार सिंह | नरेन्द्रकुमार-रामेश्वर दयाल | रजि./भवन |
| 7 | जीवाजी नगर | पार्वती-घनश्याम | घनश्यामदास पिता परसादीराम | अजय घनश्याम | वसीयत/प्लाट |
| 8 | धारीवाल टाउनसिप | पिन्टू - भारत | पिन्टू- भारत | ओमप्रकाश-तेजूलाल सिसौधिया | रजि./प्लाट एल 83 |
| 9 | धारीवाल टाउनसिप | निरंक | संगीता राजेश यादव | रौनक कुमार अरुण कुमार | रजि./प्लाट एल 84,65 |
| 10 | बेरछा रोड | निरंक | नारायण-मोहन गिर, रमेश-मोहन गिर आदि | मिश्रीबाई-बद्रीलाल प्रजापत | रजि./भवन |
| 11 | साकेत नगर अमला रोड | माधुरी मनोज कुमार | माधुरी-मनोज कुमार | सावित्री-जगदीशचन्द्र साहनी | रजि./भवन |
| 12 | इंगोरिया रोड के पीछे | निरंक | जमील खान-एहमद खान | आकाश -ब्रजेश बोहरा, राकेश शांतिलाल पोरवाल | रजि./प्लाट |
| 13 | पाल्या रोड | लक्ष्मीनारायण-धूल जी | लक्ष्मीनारायण - धूल जी | कैलाशचन्द्र, बलराम, रामबाबु महेश जी पिता स्व.लक्ष्मीनारायण | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र/ भवन |
| 14 | पाल्या रोड | लक्ष्मीनारायण-धूल जी | लक्ष्मीनारायण - धूल जी | कैलाशचन्द्र, बलराम, रामबाबु महेश जी पिता स्व.लक्ष्मीनारायण | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र/ भवन |
| 15 | नटवरलाल स्नेही मार्ग | रामचन्द्र -शोभाराम | रामचन्द्र -शोभाराम | चन्दरबाई-लक्ष्मीनारायण, मोहनबाई-भंवरलाल | रजि./भवन |
| 16 | माधवगृह निर्माण | निरंक | भरत-दीपक | चन्दनमल प्यारचंद | रजि./प्लाट |
| 17 | दयानंद कॉ | निरंक | कांताबाई-चन्दनमल | चन्दनमल-प्यारचंद | मृत्यु प्र.पत्र शपथ पत्र/प्लाट |
| 18 | ओझा कॉ. | निरंक | राजेश कुमार-नेमीचंद | चन्दनमल-प्यारचंद | रजि./प्लाट |
| 19 | नर्मदा नगर | राहुल जैन- विनोद जैन | राहुल जैन- विनोद जैन | अतिम जैन- भूपेन्द्र जैन | रजि./प्लाट |
| 20 | सुभाष मार्ग | पीरुलाल-बगदीराम | सुनील-चॉदमल | अनिता-स्व. सुनील, पूजा, जया, विजय पिता स्व. सुनील | मृत्यु प्र.पत्र शपथ पत्र/भवन |
| 21 | नई आबादी | जितेन्द्र- हरीशचन्द्र | जितेन्द्र-हरीशचन्द्र | उषा-राजेश | रजि./भवन |
| 22 | अमला. रोड | रईसा बी- एहमद नूर | रईसा बी-एहमद नूर | नैसी जैन- अंसुल काला | रजि./भवन |
| 23 | ओझा कॉ. | मोहनलाल-दयाराम | जुगलकिशोर- राधाकिशन | मोहनलाल- दयाराम | रजि./भवन |
| 24 | नई आबादी | गणेश- दुलीचंद | गणेश- दुलीचंद | कविता+ भगवान सैनी, भगवान- रामगोपाल सैनी | रजि./भवन |
| 25 | अमला रोड | मंजु सिंह- शिवराज सिंह | मंजु सिंह- शिवराज सिंह | केशव- गोवर्धनलाल | रजि./प्लाट |
| 26 | रत्नाखेड़ी रोड | निरंक | मुकेश- मांगुदास बैरागी | संदीप- सावरमल जालवाल | रजि./भवन |
| 27 | नई आबादी | शंकरलाल, लक्ष्मण | राजकुमार, लक्ष्मण | मंजु पति स्व. राजकुमार | मृत्यु प्र.पत्र शपथ पत्र/भवन |
| 28 | भार्गव कॉ | बानो बाई- सेफुद्दीन | बानो बाई- सेफुद्दीन | जकिर हुसैन- बुरहानुद्दीन पिता सेफुद्दीन | रजि./भवन |
| 29 | दयानंद कॉ | भीखा- बाला जी | मोहनलाल- भेरूलाल | भीखा-बाला जी | रजि./भवन |
| 30 | अमला रोड | प्रीति- देवेन्द्र सिंह | प्रीति-देवेन्द्र सिंह | निर्मला- दिलीप पांचाल | रजि./प्लाट |
| 31 | मेहतवास | निरंक | योगेश-रमेशचंद, अमृत-कन्हैयालाल | राधा- सूरजनारायण साहनी | रजि./प्लाट |
| 32 | चम्बल सागर कॉ. | कैलाश- रामसिंह | कैलाश- रामसिंह | रशीदा बी- मो. सादिक | रजि./भवन |
| 33 | ओझा कॉ. | रामप्यारी- रामचन्द | वासुदेव उर्फ हिमाशु- जुगलकिशोर जी दत्तक पुत्र ओमप्रकाश ओझा | तुलसीबाई- नाथूजी | रजि./प्लाट |
| 34 | चम्बल सागर कॉ. | रामप्रसाद- शंकरलाल | सागरमल- प्यारचंद | रामप्रसाद, हीरालाल पिता शंकरलाल | रजि./भवन |
| 35 | सुनीर नगर के समीप | निरंक | राजेन्द्र कुमार जैन-धरमचंद जैन | सत्येन्द मिश्रा- जनार्दन मिश्रा | रजि./प्लाट |
| 36 | आदित्य नगर अमला रोड | निरंक | विक्रम सिंह- जुझार सिंह | अमितकुमार- रमेश प्रसाद सोनी, | रजि./प्लाट |
| 37 | आदित्य नगर अमला रोड | श्वेता जैन- सुनीलकुमार जैन | शांता छिपानी- स्व. राजेन्द्र छिपानी, राहुल -स्व. राजेन्द्र, पूजा- सुनील छिपानी | माधुरी- अमित कुमार सोनी | रजि./प्लाट |
| 38 | आदित्य नगर अमला रोड | निरंक | विक्रम सिंह- जुझार सिंह | सुलेखा- प्रेमकिशोर | रजि./प्लाट |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नागदा**

देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 2 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## और भी जानलेवा होती भारतीय सड़कें

एक ओर तो भारत सरकार सड़क यातायात को सुगम और सुरक्षित साबित करने के बड़े दावे करती है परन्तु वास्तविकता यह है कि भारतीय सड़कें बेहद असुरक्षित हैं जो हर रोज न जाने कितने लोगों के जीवन को लील रही है और लोगों को घायल कर रही हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे भी हैं जो आजीवन विकलांग या शारीरिक रूप से पूरी तरह असमर्थ हो जाते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत में 2022 के दौरान होने वाले सड़क हादसों को लेकर जो वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई है वह बेहद चिंताजनक है। स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत में कहीं न कहीं औसतन हर घंटे 53 दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें 19 लोगों की मौत हो जाती है। ये आंकड़े चेतावनी के रूप में लिये जाने चाहिये और इन दुर्घटनाओं को टालने के लिये असरकारी कदम उठाने होंगे। सड़कें न केवल सुरक्षित हों वरन वाहनों की स्थिति भी ठीक होना चाहिये तथा वाहन चालन भी दोषरहित हो तभी सड़क यातायात को सुरक्षित कर नागरिकों के अमूल्य जीवन बचाये जा सकते हैं।

हर वर्ष राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों द्वारा ऐसी रिपोर्ट जारी होती है। साल 2022 के आंकड़े सड़क दुर्घटनाओं और उनके चलते होने वाली मौतों की संख्या व घायलों की तादाद में बड़ी बढ़ोतरी को दर्शाते हैं। ये आंकड़े एशिया पेसिफिक रोड एक्सीडेंट डाटा के अंतर्गत जारी किये गये हैं। इसके अनुसार साल 2022 के दौरान देश भर में 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1,68,491 लोगों की मौत हुई और 4,43,366 लोग घायल हुए। उसके पहले साल की तुलना में दुर्घटनाएं 11.9 प्रतिशत बढ़ी हैं। 9.4 फीसदी अधिक लोगों की मृत्यु हुई जबकि घायलों की संख्या के लिहाज से यह 15.3 प्रश की वृद्धि है।

रिपोर्ट में सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण निर्धारित गति से भी तेज चालन, नशे में गाड़ी चलाना और यातायात नियमों का अनुपालन न करना बताया गया है। सड़क हादसों को लेकर वाहन चालकों को जागरूक करने की ज़रूरत बतलाई गई है। उनके लिये शैक्षणिक व प्रशिक्षण अभियान भी आवश्यक बताये गये हैं। सवाल तो यह है कि कुछ वर्षों पहले भारत सरकार ने नियम तोड़ने वालों के लिये बड़े जुर्माने निर्धारित किये थे। विशेषज्ञों ने तभी यह राय जाहिर की थी कि भारी-भरकम आर्थिक दण्ड की बजाय जागरूकता बेहतर उपाय है। मंत्रालय का यह भी दावा रहा है कि सड़क हादसों को रोकने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं जिनमें मंत्रालय द्वारा वाहन चालकों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। इसके अलावा वह सड़कों की गुणवत्ता, वाहन के मानक, यातायात नियमों का कड़ाई से अमल सहित दुर्घटनाओं को रोकने के अन्य पहलुओं पर काम करने का दावा भी करती रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा मिलकर काम करने की ज़रूरत भी बतलाई गई है। मंत्रालय ने कई अन्य संबंधित संगठनों के साथ मिलकर इन्हें रोकने की ठानी है। इस कार्यक्रम को 4ई का नाम दिया गया है, जिसमें शिक्षा (एजूकेशन), इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन दोनों), प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) और आपातकालीन देखभाल (इमरजेंसी केयर) शामिल हैं। मंत्रालय का यह भी दावा है कि वह सड़क सुरक्षा ऑडिट कराने जा रही है। इस क्षेत्र में कई तरह के शोध, अध्ययन आदि भी किये जा रहे हैं ताकि सड़कों को पूर्णत: निरापद बनाया जा सके।

यह रिपोर्ट बहुत ही चेतावनी भरी है। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह सभी आवश्यक कदम उठाये। देखा तो यह जाता है कि सरकारों की रुचि केवल सड़कों के अनावश्यक रूप से चौड़ीकरण और फोर लेन या सिक्स लेन बनाने में रहती हैं। ये सड़कें परिवहन का समय घटाने और हादसों को रोकने के नाम पर चौड़ी तो कर दी जाती हैं लेकिन दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं हो पाती। सफर में लगने वाला वक्त ज़रूर घट जाता है परन्तु वह इकलौता लाभ पर्याप्त नहीं है। देखा यह भी गया है कि वाहन चलाने वाले और रास्तों पर चलने वाले कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक कि रास्तों के किनारे रहने वाले भी दुर्घटनाओं की आशंका में जीते हैं।

हाल के वर्षों में वाहनों की गुणवत्ता भी काफी सुधरी है परन्तु यह भी सच है कि उसकी गति में भी इज़ाफ़ा हुआ है। तिस पर बेहतरीन व चौड़ी सड़कें पाकर वाहनों को फर्राटा गति से दौड़ाने का लालच भी बढ़ा है। समस्या यह है कि सड़कों पर चलने-चलाने का शऊर अब तक भारत के लोगों में विकसित हो नहीं पाया है। सरकार को लगता है कि केवल बड़ी राशि का जुर्माना ठोंककर समस्या से निज़ात पाया जा सकता है। कुछ बड़े व अनुशासनप्रिय शहरों में तो यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर निगरानी रखी जाती है लेकिन छोटे शहरों, कस्बों व गांवों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित या बाध्य किया जा सके। परिवहन व यातायात के तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर वाहन दौड़ते नज़र आते हैं। हेलमेट व सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन दौड़ते हैं, बाईं ओर चलना अब तक देश ने सीखा ही नहीं, गलत ओवरटेकिंग करना व कट मारना लोगों का खास शगल है। निर्धारित संख्या से अधिक लोगों को ठूंसकर वाहन चलते हैं। निर्धारित गति से अधिक तेज़ रफ्तार के कारण सड़क के किनारे पलटी हुई गाड़ियां और उनके कारण मरने वाले व घायल होते लोगों के मंज़र स्वयं ही बतलाते हैं कि भारतीय सड़कें कितनी निरापद हैं।

# चरित्र की कसौटी पर कंगना और दीपिका

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

बीते शुक्रवार को कंगना रनौत की फिल्म तेजस रिलीज हुई, और बुरी तरह पिट गई। फिल्मों का फ्लॉप होना कोई अनहोनी नहीं है। तीसरी कसम जैसी उत्कृष्ट फिल्म को भी दर्शकों ने नकार दिया था, लेकिन बाद में उसकी सार्थकता समझ आई। वैसे तेजस की कोई तुलना कालजयी रचना तीसरी कसम से नहीं की जा सकती, न ही ये कहा जा सकता है कि इस फिल्म का भविष्य क्या होगा। फिलहाल तो ये देखकर आश्चर्य हुआ कि जिस फिल्म को लोग थियेटर में देखने नहीं जा रहे, जिस फिल्म के कई शो दर्शकों की गैरमौजूदगी के कारण रद्द करने पड़े, उसे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पूरी योगी केबिनेट ने लखनऊ में लोकभवन में की गई स्पेशल स्क्रीनिंग में देखा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के आखिरी दृश्यों में योगीजी के आंसू भी निकल आए। इस स्पेशल स्क्रीनिंग की जगह अगर ये दोनों मुख्यमंत्री अपनी केबिनेट के साथ सिनेमा हॉल जाकर ही फिल्म देख लेते तो थियेटर वालों की कमाई भी हो जाती साथ ही इस पर जनता के पैसों से हुआ खर्च भी बच जाता।

खैर, दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ फिल्म देखने के लिए कंगना रनौत भी मौजूद थीं और इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि महाराज जी ने इस फिल्म को देखा और सराहा, इससे उन्हें कितनी खुशी हुई है। इसके साथ ही कंगना ने इस फिल्म को न देखने वालों को एंटी नेशनल भी करार दिया। कंगना के विचार सुनने के बाद लगा कि क्या अब इस देश में मनोरंजन का हक भी जनता से छीन लिया जाएगा। क्या अपनी मर्जी से लोग ये भी तय नहीं कर पाएंगे कि कौन सी फिल्म उन्हें देखनी है और कौन सी नहीं। खबर है कि अहमदाबाद में तेजस जिस थियेटर में लगी थी, वो पूरा खाली था, तो क्या कंगना अब अहमदाबाद की जनता को राष्ट्रविरोधी कह देंगी।

वैसे बीते शुक्रवार फिल्म की निराशाजनक शुरुआत के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पर आकर लोगों से नाटकीय तरीके से अपील की कि उनकी फिल्म को लोग थियेटर में जाकर देखें। कंगना ने अपनी बात में वजन डालने के लिए कोरोनाकाल के बाद की दुश्वारियों और फिल्म उद्योग की परेशानियों का जिक्र भी किया, हालांकि उनकी ये अपील हास्यास्पद ही लगी, क्योंकि कोरोना के बाद पठान और गदर 2 जैसी फिल्मों ने खूब कमाई की है। जबकि कंगना रनौत की फिल्में लगातार पिट रही हैं और इसकी एक ही वजह हो सकती है कि दर्शक उनमें उत्कृष्टता की कमी महसूस कर रहे होंगे। दर्शक हो या जनता लोकतंत्र में उनके मन की बात ही सुनी जानी चाहिए। मगर 2014 के बाद जो तथाकथित आजादी देश को मिली है, उसमें दर्शकों और जनता की आजादी पर पहरे बिठाए जा रहे हैं। कंगना ने अपनी फिल्म को देखने की अपील के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों से अपने फैन क्लब से जुड़ने की अपील भी की और इसके अलावा अपने साथ न जुड़ने वाले लोगों को एक तरह से बद्दुआ देते हुए लिखा कि, 'वे सभी लोग जो मेरा बुरा चाह रहे हैं, उनका जीवन हमेशा दुखों से भरा ही रहेगा, क्योंकि उन्हें जीवन भर हर दिन मेरा गौरव ही देखना होगा।'

कंगना रनौत जाहिर तौर पर ये सब प्रचार के लिए कर रही हैं और उनसे पहले भी खुद को लाइमलाइट में लाने के लिए ऐसे अतरंगी तरीके दूसरे कलाकार अपनाते रहे हैं। अब तक ऐसे कलाकारों का मखौल बनाया जाता रहा है। लेकिन कंगना रनौत के मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता, क्योंकि सक्रिय राजनीति में न होने के बावजूद जिस तरह वो कभी इजरायली राजदूत से मिल रही हैं, जैसे उनकी फिल्म को देखने पूरी यूपी सरकार पहुंच रही है, उससे समझ आता है कि इस प्रचार-प्रसार के पीछे कोई राजनैतिक खेल छिपा हुआ है। कंगना बार-बार कम उम्र में घर छोड़कर निकलने और अपने संघर्षों का हवाला देकर बताती हैं कि अपना जीवन उन्होंने खुद संवारा है। छोटे शहर की लड़की होने के बावजूद अपनी मेहनत से शोहरत हासिल करना अच्छी बात है। लेकिन ये चारित्रिक दृढ़ता बरकरार भी रहना चाहिए। आपकी फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया तो आप उन्हें राष्ट्रविरोधी कह देंगी, ये तो गलत बात है। मगर राष्ट्रवाद की अफीम का सेवन जिन लोगों ने कर लिया है, उन्हें इस चारित्रिक कमजोरी में भी देशप्रेम ही दिखेगा।

वहीं दूसरी ओर हैं दीपिका पादुकोण, जिन्होंने फिल्म जगत में अपनी मेहनत से ही नाम कमाया है। दीपिका की फिल्म पद्मावत को लेकर किस तरह का बवाल पूरे देश में खड़ा किया गया था, यह सभी को याद होगा। इसके बाद दीपिका की जेएनयू में छात्रों के साथ खड़ी तस्वीर भी बहुत से लोग नहीं भूले होंगे। 2020 में जेएनयू के छात्रों पर नकाबपोश लोगों के हमले के बाद दीपिका जेएनयू पहुंची और चुपचाप प्रदर्शन करने वाले छात्रों के बीच खड़ी रहीं। उनकी चारित्रिक दृढ़ता का एक बड़ा उदाहरण सामने आया। लेकिन दीपिका को केवल इसलिए निशाने पर लिया गया, क्योंकि उन्होंने अपने समकालीन बहुत से कलाकारों की तरह मोदी सरकार की जी हुजूरी नहीं की। दीपिका अब भी वही कर रही हैं, जो उन्हें ठीक लगता है। जैसे कॉफी विद करण शो में अपने पति रणवीर सिंह के साथ पहुंची दीपिका ने शादी के पूर्व के अपने संबंधों, मानसिक स्वास्थ्य, डिप्रेशन पर खुलकर बात की। इस पर दीपिका को चरित्रहीन ठहराने की मुहिम सोशल मीडिया पर चल गई। दो वयस्क, जो लंबी दोस्ती के बाद अब पति-पत्नी हैं, खुलकर अपने संबंधों पर बात कर रहे हैं, तो इसमें चरित्रहीनता की बात कहां से आ गई। दीपिका और रणवीर की जिंदगी में उनके आपसी संबंध कैसे रहे और कैसे आगे बढ़े, ये उनका निजी मामला है, जिस पर कुछ बोलने या न बोलने का हक उनका है, दूसरों का कोई हक नहीं बनता कि इसमें किसी को चारित्रिक प्रमाणपत्र दें। विडंबना ये है कि विश्वगुरु बनने के लिए अब भारत ने मध्यकालीन संकीर्णताओं की गलियों से गुजरना शुरु कर दिया है, जहां किसी महिला के चरित्र की मजबूती उसके संबंधों के आधार पर तय की जाती है। उसकी आत्मनिर्भरता और मुद्दों पर स्वतंत्र राय से पुरुष सत्तात्मक समाज तिलमिला जाता है। यहां सिंदूर और खाली प्लॉट जैसी बेहूदगी भरी बातों पर लोगों को गुस्सा नहीं आता, लेकिन एक महिला ने शादी के पहले के अपने जीवन पर कुछ खुलासा कर दिया, तो उन्हें तकलीफ हो जाती है।

महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है।

दरअसल महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है, इसलिए इनके चरित्र हनन की कोशिशें जारी रहती हैं। मगर ट्रोलर्स यहां भी मार खा जाते हैं। क्योंकि दो लोगों के बीच संबंधों के आधार पर किसी का चरित्र तय करने वाले ये समझ ही नहीं पाते कि चरित्र सच्चाई, ईमानदारी, बुलंद हौसले, दृढ़ इच्छाशक्ति जैसे चुनिंदा अवयवों से मजबूत बनता है और जहां इन अवयवों का अभाव होता है, वहां चरित्र कमजोर पड़ जाता है।

कबीर दास जी ने समाज को बहुत पहले चरित्रचित्रण और परीक्षण का तरीका समझा दिया था। कबीर ने कहा था-

सोना सज्जन साधु जन, टूटि जुरै सौ बार।  
दुर्जन कुंभ कुम्हार के, एकै धका दरार॥

तो कंगना हो या दीपिका, संघर्ष तो सबके जीवन में रहा है। लेकिन यह उनका चयन है कि सौ बार धक्का खाने के बावजूद वो खुद को जोड़ने की हिम्मत रखती हैं या एक धक्का खाकर ही दरार को भरने के लिए सत्ता का फेवीकोल लेने सरकार की शरण में पहुंचती हैं।

# रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती

■ नन्तू बनर्जी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात से राहत नहीं मिल सकती कि सरकार का सबसे बड़ा सार्वजनिक संपर्क भारतीय रेलवे खराब स्थिति में है। भारत का रेलवे नेटवर्क, जिसे एकल प्रबंधन के तहत दुनिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रणालियों में से एक माना जाता है, प्रतिदिन लगभग 240 लाख यात्रियों को अपने गन्तव्य तक ले जाता है। राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है।

रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था। उनमें लाल बहादुर शास्त्री, बाबू जगजीवन राम, गुलज़ारीलाल नंदा, कमलापति त्रिपाठी, एस.के.पाटिल, मधु दंडवते, ए.बी.ए. गनी खान चौधरी, लालू प्रसाद यादव, जॉर्ज फर्नांडीस, नीतीश कुमार और ममता बनर्जी शामिल थे।

राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है। रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था।

अधिकांश रेल यात्री लंबी दूरी के यात्री हैं। वे देश के हर हिस्से और भारतीय समाज के हर वर्ग से संबंधित हैं। दुर्भाग्य से, रेलवे आज इन यात्रियों को बहुत कम सुविधा प्रदान करता है। रेलगाड़ियां मुश्किल से ही समय पर चलती हैं। कोच और शौचालय गंदे रहते हैं। यहां तक कि हाई-प्रोफाइल शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें भी अच्छी सीटें, स्नैक ट्रे, स्वच्छ शौचालय और खाने की चीजें उपलब्ध कराने में विफल रहती हैं, जिसके लिए यात्रियों को टिकट बुक करते समय भारी कीमत चुकानी पड़ती है। राज्यों की राजधानियों को दिल्ली से जोड़ने वाली राजधानी एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की ट्रेनें भी खस्ताहाल हैं। न्यूनतम यात्री सुविधा के लिए कोचों, सीटों, शौचालयों और खानपान जैसी सेवाओं और रख-रखाव पर बहुत कम खर्च किया जाता है।

फिर भी प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत में यात्रियों की बढ़ती शेड्यूल और शौचालय की खराब स्थिति के संबंध में यात्रियों की बढ़ती असुविधाओं के बारे में कोई चिंता नहीं है। फरवरी 2019 में लॉन्च किये गये, स्वदेशी रूप से विकसित सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत के 25 ट्रेन सेट वर्तमान में दुनिया के पांचवें सबसे बड़े रेल नेटवर्क के विभिन्न मार्गों पर 50 सेवाएं संचालित कर रहे हैं। रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में 75 ट्रेन सेट या 150 सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

रेल यात्रा असुरक्षित भी हो सकती है। रेलवे ऐसी जानकारी कम ही साझा करता है। एक आरटीआई के जवाब में सार्वजनिक किये गये आंकड़ों के अनुसार, 2009 और 2018 के बीच रेल यात्रियों द्वारा 1.71 लाख से अधिक चोरी के मामले दर्ज किये गये। 2014 के बाद से चोरी के मामले काफी बढ़ गये हैं। 2018 में चोरी के मामले 36,584 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। हालांकि, पिछले चार वर्षों में चोरी के मामलों का कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। देश भर में ट्रेनों में चोरी की घटनाएं पिछले वर्ष की तुलना में 2017 में दोगुनी हो गईं, जबकि डकैती के मामलों में लगभग 70प्रतिशत की वृद्धि हुई। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश उन राज्यों की सूची में शीर्ष पर हैं जहां सबसे अधिक अपराध दर्ज किये गये।

आम तौर पर, भारत का रेल सुरक्षा रिकॉर्ड ख़राब है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में लगभग 18,000 रेलवे दुर्घटनाओं में 16,000 से अधिक लोग मारे गये। मालगाड़ी के बारे में जितनी कम बात की जाये, वह बेहतर है। पिछले साल रेलवे ने 2038.8लाख टन माल ढुलाई की। रेलवे द्वारा ढोई जाने वाली प्रमुख वस्तुएं कोयला, लौह अयस्क, खाद्यान्न, लोहा और इस्पात, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद, उर्वरक और कंटेनरीकृत यातायात हैं। कोयला और खाद्यान्न जैसी वस्तुओं की चोरी आम बताई जाती है। मालगाड़ियों का समय-सारणी ट्रैक की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

वंदे भारत जैसी नयी ट्रेनों की शुरूआत और स्पीडरनिंग हमेशा सुर्खियों में रहती है। कुछ लोग रेलवे ट्रैक, इंटरलॉकिंग और सिग्नलिंग सिस्टम की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। सरकार का महंगा रेल आधुनिकीकरण कार्यक्रम बाहरी हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। दशकों में देश की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना के बाद इस कार्यक्रम की गहन जांच की जा रही थी, जिसमें 2 जून को ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की टक्कर के बाद कम से कम 275 लोगों की जानें चली गयीं और 1,000 से अधिक लोग घायल हो गये। गलत ट्रैक और एक मालगाड़ी से टकराने से पहले दूसरी यात्री ट्रेन के मलबे से टकराने की घटना घटी। हालांकि, जनता की याददाश्त कमज़ोर है। कुछ ही हफ्तों में ट्रैक की मरम्मत कर दी गई। मार्ग सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। 60,000 किलोमीटर से अधिक लंबे ट्रैक वाले दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए ट्रेनें एक आवश्यक जीवन रेखा रही हैं।

पिछले साल, आधुनिकीकरण योजना के हिस्से के रूप में नयी ट्रेनों और स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर खर्च किया गया था, जिसका लक्ष्य 2024 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण और 2030 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य है। 65.8 प्रतिशत पर, भारत अपने नेटवर्क का एक उच्च अनुपात में विद्युतीकरण का दावा करता है जबकि यह फ्रांस में 60 प्रतिशत या यूके में 38 प्रतिशत है। 2022-23 में अब तक का सबसे अधिक 2,03,983 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय हासिल किया गया। रेलवे का पूंजीगत व्यय 2013-14 में 53,989 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 2,60,200 करोड़ रुपये हो गया है।

फिर भी, तथ्य यह है कि सरकार ध्यान आकर्षित करने वाली बड़ी बातों को प्राथमिकता दे रही है। जैसे-मौजूदा स्टॉक में कम ग्लैमरस अपग्रेड की कीमत पर ईटी परियोजनाएं। ऐसा कहा जाता है कि कपूरथला कोच फैक्ट्री में विनिर्माण में बड़ी देरी की खबरों के बीच रेलवे 2030 तक 800सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन सेट के साथ अपने आधुनिकीकरण कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ायेगा। मौजूदा कोचों के ख़राब मानकों के बारे में क्या? बाद वाले को और अधिक तत्काल बदलने की आवश्यकता है। इस ओर अधिकारियों का ध्यान कम है। यात्री सेवाएं, विशेषकर लंबी दूरी की ट्रेनों में, गिरावट जारी है।

यात्री ट्रेन सेवाओं के संचालन के मानक में भारी गिरावट रेलवे द्वारा 2017-18 से चलाये जा रहे तरीकों का परिणाम हो सकती है, जब सरकार ने रेल बजट को केंद्रीय बजट में विलय करने का फैसला किया, जिससे 92 साल पुरानी अलग बजट की प्रथा समाप्त हो गई। देश के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर को एक विशेष पहचान प्रदान करने वाला था एक अलग बजट। रेलवे के पास अब कोई पूर्णकालिक स्वतंत्र मंत्री भी नहीं है।

2.5 लाख करोड़ रुपये के रेलवे विभाग का नेतृत्व अश्विनी वैष्णव के पास है, जो तेजी से बढ़ते 90,000 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और संचार विभाग - तीनों का एक केंद्रीय मंत्री के रूप में नेतृत्व करते हैं। एक पूर्व आईएएस अधिकारी से राज्यसभा सांसद बने, वैष्णव एक ही समय में 39वें रेल मंत्री, 55वें संचार मंत्री और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं।

इस तरह की असंबद्ध हाई-प्रोफाइल एक साथ पोर्टफोलियो साझा करने की व्यवस्था अपरिहार्य आपदा के लिए एक नुस्खा है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि स्वयं मंत्री की योग्यता कितनी अधिक है। इससे आपदा से बचना संभव नहीं है। इस प्रकार, कुछ लोग रेलवे के परिचालन प्रदर्शन में गिरावट और यात्री सुविधाओं में गिरावट के लिए वैष्णव को भी दोषी ठहरा सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# भगवान का आशीष

राष्ट्रीय कवियत्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान ने मनुष्य जीवन के बाल्यकाल बचपन के समय को जीवन का श्रेष्ठ काल या यूं कहें कि स्वर्णिम समय निरूपित करते हुये यह शब्दांकित किया है कि-

मैं बचपन को बुला रही थी, बोल उठी बिटिया मेरी  
नंदन वन सी चहक उठी, वो छोटी सी कुटिया मेरी।

यहां जो बचपन है उसकी बहुत प्यारी छबि अंकित की गई है। जो हमेशा पक्षियों के कलरव से संगीतमय रहता है, जो सदा सुरभित, सुशोभित है। जहां शुद्ध-स्वच्छ हवा वृक्ष के कोमल पत्तों से, पुष्पों से अठखेलियां करती है, उस नंदन वन से बचपन को उपमा दी गई है। यहां एक बात गौर करने बाली है वह यह कि बचपन किसी एक को नहीं सबको प्यारा लगता है। आपको, हमको अपना अपना बचपन याद आता है, माता -पिता को अपनी संतान प्यारी लगती है, दादा दादी को नाती-पोतों के बचपन की मधुर स्मृतियां आनंद अनुभूति देती हैं। कहने का तात्पर्य यह कि बचपन किसी का भी हो मनुष्य का, पक्षी का, पशु का या अवतार पुरुष जगत के ईश्वर जगदीश्वर का, सदा से ही श्रेष्ठ रूप में जीवन के काल में प्रतिष्ठित है। चूंकि बचपन उत्तम है, नाजुक है, निश्चल है, निष्कपट है या एक शब्द में कहें कि अत्यंत ही भोला है, अत: इसका भटक जाना या इसके भोले मन बुद्धि पर गलत मार्ग अंकित हो जाना या किसी गलत कार्य के प्रभाव क्षेत्र में आ जाना संभव है। अत: बचपन की देखरेख, उसका संरक्षण अति महत्वपूर्ण है। बचपन में मन पर पड़ा प्रभाव जीवन पर्यंत हमारे मन पर रहता है। इसीलिए जिंदगी में इस बात की बहुत अहमियत है कि बचपन में क्या सीखा, बचपन का साथी कौन है, बचपन किसकी गोद में बड़ा हो रहा है, बचपन किसकी छत्रछाया में निखर रहा है? उपरोक्त प्रश्नों की महत्ता को समझने के लिये आइये हम अपने बचपन को याद करें। हमसे जब बचपन में कोई भूल होती थी, हम अपने को बचाने, निर्दोष साबित करने जब झूठ बोलते थे, किसी का अपमान कर देते थे या ऐसा कोई कार्य हो जाता था जो अशोभनीय हो, गलत हो, अकरनीय हो तब हमारे ऊपर किस तरह हमसे बड़ों का क्रोध उतरता था वह तो एक बात है, पर गौर करने बाले वे कोप मिश्रित शब्द हैं जो हमारे गलत कृत्य पर कहे जाते थे, वे यह कि इसने यह गलत कार्य कैसे कर दिया? हमने तो सिखाया नहीं, जरूर इसका साथ किसी गलत प्रवृति वाले दोस्त से हो गया है, अवश्य ही इसकी संगति बुरे लोगों से है, यह खराब संगति का शिकार हो गया है। ये जो संगति या साथ है इसको हमारे पूर्वज, हमारे माता-पिता बचपन को संवारने का, निखारने का, न केवल सिर्फ बचपन को अपितु सम्पूर्ण जीवन को सुसंस्कृत बनाने का, जीवन को सार्थकता प्रदान करने का मूल आधार मानते थे, कहने का मतलब सबसे कारगर तरीका मानते थे। समाज मनीषी और सन्त लोग तो कहते हैं कि बचपन कच्चा घड़ा होता है, उसकी घड़ाई, उसका निर्माण ठीक उस तरह होना चाहिये जैसे कुम्हार अपने घड़े को बनाता है। घड़ा बनाते समय कुम्हार ऊपर से ठोकता है, उसको चपत लगाता है, उस पर शक्ति से हाथ चलाता है, पर अन्दर से दूसरा हाथ लगाकर वह घड़े की माटी को साधे रहता है, अंदर की माटी को सहारा दिये रहता है ताकि अंदर से माटी गिरे न, भस्के न। कुम्हार द्वारा घड़े को बाहर से कूटना और अन्दर से सम्हालने का संकेत है कि कच्चा घड़ा बनाते वक्त न टूटे और बाहर से कूटने का संकेत है कि घड़ा पकने के बाद कभी न बिखरे। इसको इस नजरिये से देखिये कि बचपन कच्चा होता है तब भी न खराब हो और बचपन जब बड़ा हो जाय तब भी न फूटे, न बिखरे और ये तभी हो सकता है जब बचपन की संगत कुम्हार जैसे रचनाधर्मी सृजनकर्ता से हो जो हमेशा-हमेशा के लिए बचपन को तराश कर हीरा बना दे। इसीलिए ज्ञानी जन संगति को, सत्संग को भगवान का आशीष मानते हैं।

**गिरिराज चाचा**

## आपके पत्र

# भारतीय सेना के पासंग भी नहीं है इस्राइली सेना

अक़्सर भारतीय मीडिया, रक्षा विशेषज्ञ, इंटलेक्चुअल्स, लीडर, एवं आवाम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर आम विमर्श और व्यक्तिगत बहसों में इस्राइली सेना का गुणगान और भारतीय सेना से उसकी तुलना करते रहते हैं। इस तुलना में वो इस्राइली सैन्य कार्रवाहियों के मोह में बंध कर अति उत्साह में कई बार उसे भारतीय सेना से भी बेहतर बताने लगते हैं। लेकिन यह तुलना ही हास्यास्पद और बेमानी है। इस्राइली सेना को एक जरा से भू-भाग(हमारे मणिपुर से भी कम) और महज 90 लाख नागरिकों की सुरक्षा करना है और वह भी अपने आक़ा अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस,जर्मनी और इटली जैसे दर्जनों शक्तिशाली, साधन-संपन्न, अत्याधुनिक हथियारों और परमाणु शक्ति से लैस मित्र राष्ट्रों के संरक्षण और वरदहस्त के दम पर। यह सब होने के बाद भी इस्राइली सेना,उसका सुरक्षा तंत्र और उसका बहुचर्चित ख़ुफ़िया संगठन 'मोसाद' इस बार सोता हुआ पाया गया जिसकी बहुत बड़ी क़ीमत निर्दोष इस्राइली नागरिकों को चुकानी पड़ी है।

इसके बरअक्स उसके ख़िलाफ़ लड़ने वाले फिलिस्तीनियों के पास तो अपनी ज़मीन भी नहीं है। वहां के आतंकवादी संगठन हमास में इतना दम नहीं है कि वह आधुनिक इस्राइली सेना को परास्त कर सके। वह बस इसी तरह आकस्मिक हमले कर इस्राइल को कुछ नुक़सान पहुंचा सकता है और सम्भावित अरब-इस्राइल शांति वार्ताओं को पटरी से उतार सकता है। जिसका ख़ामियाजा हमेशा अंतत: निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों, महिलाओं और विशेषकर बच्चों को अपनी जान गंवा कर उठाना पड़ा है। इस बार भी वही इतिहास दोहराया जा रहा है।

इस्राइली सेना के दायित्वों की तुलना में हमारी सेना को 140 करोड़ नागरिकों और एक वृहद् भू-भाग की सुरक्षा सिर्फ़ और सिर्फ अपने दम पर सुनिश्चित करनी होती है। हमारे दायें-बाएं - दोनों और परमाणु शक्तिसम्पन्न शत्रु देश हैं जिनमें चीन तो सबसे साधनसंपन्न ख़तरनाक़ विनाशकारी आयुधों वाली बड़ी सेना का अधिपति है। दरअसल इस्राइल की सैन्य क्षमता और दायित्व हमारी सैन्य क्षमता और जिम्मेदारियों को देखते हुए हमारे मुक़ाबले कुछ भी नहीं है। शांति काल में भी प्राकृतिक आपदाओं और आंतरिक ज़रूरतों में भारतीय सेना ने अपने सेवा कार्यों और राहत अभियानों में हमेशा उच्च मानदण्ड स्थापित किये हैं।

तुलना करते समय इस बात का भी ख़याल रखें कि इस्राइल की स्थापना के बहुत पहले प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में भारतीय सेना ने अंग्रेजी सेना के साथ मिलकर सात समुंदर पार तमाम विपरीत परिस्थितियों और हाड़ गला देने वाली ठंड में लड़ते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए थे। आज़ादी के फौरन बाद 1948 में तथा 1965, 1971 और सियाचिन के युद्धों में पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त किया। इसमें 1971 में पाकिस्तान को दो भागों में बांटने और उसके 93 हज़ार सशस्त्र सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए बाध्य करने का अभूतपूर्व पराक्रम भी शामिल है। दुनिया में जहां कहीं भी देशों में आंतरिक संघर्ष और अशांति हुई है संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के रूप में भारतीय सैनिकों की तैनाती की मांग की जाती है। इसका कारण यह है कि भारतीय सेना ने कहीं भी और कभी भी अपने अभियानों में निर्दोष नागरिकों, बच्चों, बुज़ुर्गों और महिलाओं को निशाना नहीं बनाया तथा शत्रु देशों के नागरिकों के साथ हमेशा मानवीय मूल्यों और सैन्य आदर्शों को तरज़ीह दी है। इसके विपरीत इस्राइली सेना ने अपने अभियानों में कभी शुचिता और सैन्य मर्यादाओं का पालन नहीं किया।

इस्राइल की सेना का जितना चाहें गुणगान करें पर निवेदन है कि ऐसा करते हुए यह ध्यान रखें कि हमारी महान सेना की अवमानना न हो।

**-मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### छप्पर में आग, गाय और भैंस झुलसी



**सिरोंज, देशबन्धु।** बुधवार की दोपहर बाद सिरोंज के कस्बाताल ग्राम में एक मकान के छप्पर में आग लगने से गाय और एक भैंस झुलस गईं। सिरोंज तहसील के थाना पथरिया अंतर्गत ग्राम कस्बाताल में सेफ अली का मकान है। मकान की दीवार से लगा हुआ छप्पर है जिसमें उनकी गाय और भैंस बंधी रहती है। दोपहर 3 से 4 बजे के बीच इस छप्पर में अचानक से आग लग गई। अनुमान है कि लाइट के तारों में स्पार्किंग हुई होगी और आग गई। आग इतनी तेज थी कि कोई छप्पर से मवेशी को बाहर निकालने का साहस नहीं जुटा पाया। गांव वालों ने पानी फेंक कर आग बुझाई तब तक गाय और भैंस काफी झुलस गई थी। सेफ अली ने पथरिया थाने में घटना की जानकारी दी है।

### सपा के चुनाव कार्यालय का उदघाटन



**सिरोंज, देशबन्धु।** समाजवादी पार्टी उम्मीदवार असलम गौरी के चुनाव कार्यालय का उदघाटन पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश चन्द जैन ने किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरी राम जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष जीतेन्द्र यादव सहित अनेको सपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।कार्यलय स्थानीय पुराना बस स्टेण्ड पर खोला गया है।

### गुरुकुल के छात्रों को वस्त्र भेंट किए



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** वेदांत आश्रम जीवाजीपुर में महंत हरिहर दास महाराज के सानिध्य में संस्था के महामंत्री पंडित राम भारत शास्त्री द्वारा आचार्य एवं छात्रों के साथ बैठक की गई जिसमें विद्यालय गतिविधियों पर विचार किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर शशांक शेखर भार्गव द्वारा गुरुकुल के छात्रों को वस्त्र बगलवंडी वितरण किया गया ।

### इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** पीपल चौक स्थित स्व. नारायण सदाशिव पिंगला सेवा संस्थान द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी एवं संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगला ने सरदार वल्लभभाई पटेल और इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित वक्ताओं ने अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें मनोज अग्रवाल, ऋषभ सेन, घनश्याम चौरसिया, आदित्य राजपूत, मोहित तोमर, बंटी गोस्वामी, यश मिश्रा, देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

आज होगा अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा




**रायसेन,देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे ने विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों तथा कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने चारों विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारियों से 2 नवम्बर को विधानसभा निर्वाचन अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटन, डाक मतपत्र हेतु की जाने वाली तैयारियों, 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध और दिव्यांगजन मतदाताओं को घर पर मतदान हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं, एफएसटी और एसएसटी टीमों द्वारा की जा रही कार्रवाई आदि के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग सहित निर्वाचन कार्यो के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

**सामान्य प्रेक्षक तथा व्यय प्रेक्षक ने गौहरगंज में की भोजपुर विधानसभा निर्वाचन कार्यों की समीक्षा:** जिले के विधानसभा क्षेत्र 141-भोजपुर अंतर्गत गौहरगंज में आयोजित बैठक में सामान्य प्रेक्षक आईएएस जगदीश प्रसाद मीना तथा व्यय प्रेक्षक आईआरएस सुमित बेसरा द्वारा भोजपुर विधानसभा में निर्वाचन संबंधी की जा रही कार्यवाहियों तथा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रेक्षकों द्वारा एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी टीमों के साथ ही पुलिस, एक्साइज, वन विभाग सहित संबंधित अधिकारियों से निर्वाचन संबंधी जानकारी लेते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के संबंध में निर्देश दिए गए। प्रेक्षक श्री मीना ने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्ठा से सम्पादित किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में व्यय प्रेक्षक श्री सुमित बेसरा ने एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी सहित अन्य दलों सहित संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए अभी तक की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने पूरी सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की मॉनीटरिंग करने के निर्देश देते हुए अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे निर्वाचन व्यय का व्यवस्थित लेखा रखे जाने के लिए कहा। व्यय प्रेक्षक श्री सुमित बेसरा ने अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का निरीक्षण करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में भोजपुर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी श्री चन्द्रशेखर श्रीवास्तव द्वारा विधानसभा निर्वाचन संबंधी कार्यवाहियों तथा आगामी तैयारियों से अवगत कराया गया। बैठक में विधानसभा निर्वाचन से जुड़े समस्त प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्तिक ने नेताओं के साथ गांवों में किया जनसंपर्क



**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिक सिंह चौहान ने बुधनी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार का मोर्चा संभाल लिया है। बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष भेरूंदा धीरज पटेल, ललित शर्मा, आशीष शर्मा,कपिल खंडेलवाल, अजय पालीवाल, प्रीतम कुशवाहा आदि युवा नेताओं द्वारा कार्तिक सिंह चौहान के साथ भेरूंदा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम खडगांव , रिछाड़िया जदीद, आम्बाजदीद बड़गांव, चमेटी, बोरखेड़ी, सोठिया आदि ग्रामों में जनसंपर्क किया गया। आम्बाजदीद में भाजपा किसान मोर्चा मन्डल उपाध्यक्ष भेरून्दा प्रीतम कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, अजय कुशवाहा द्वारा कार्तिकेय सिंह चौहान का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। वही कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा ग्रामीणों से चर्चा करते हुए भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और उनसे कहा कि आपको मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सभी योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति को लाभ पहुंचाया है ।अब आपका फर्ज बनता है के आप अपना अमूल वोट मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पक्ष में डालें ताकि दोबारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार बने और फिर से क्षेत्र का और प्रदेश का जो विकास रह गया वह विकास पूरा हो ।और आपके जीवन में खुशहाली आए।

▶ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए मांगे वोट

# मप्र स्थापना दिवस समारोह में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



**रायसेन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 01 नवम्बर 2023 को रायसेन स्थित पुलिस लाईन में जिला स्तरीय मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगान का गायन किया गया। समारोह में शास. सीएम राईज स्कूल रायसेन तथा ब्राइट कैरियर स्कूल रायसेन के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे सहित एसपी श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान करने के संकल्प पत्र भरे गए। साथ ही सभी मतदाताओं से भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। तत्पश्चात मध्यप्रदेश गान के साथ समारोह का समापन हुआ। समारोह में अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और नागरिक उपस्थित रहे।

# मेंहदी प्रतियोगिता से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार बी आर सी कपिल तिवारी, संकुल प्राचार्य लक्ष्मी देवी प्रजापति जन शिक्षा केंद्र नौघई के प्राचार्य ओमप्रकाश रघुवंशी के दिशा-निर्देश में शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी में विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं। यह गतिविधियां स्वीप नोडल अधिकारी व जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही हैं। स्वीप गतिविधियो के अंतर्गत मंगलवार को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर शाला में मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। महिलाओं को मतदान में भागीदारी बढ़ाने और लोकतंत्र में अपने मत की कीमत को समझने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान राशि लोधी , राधा अहिरवार, प्रियंका मालवीय, चांदनी पंथी, भावना लोधी, नुपुर लोधी , खुशी अहिरवार, लक्ष्मी विश्वकर्मा, कृष्ण पाल राजपूत , पंकज सेन , अंशुल पंथी आदि ने मेंहदी प्रतियोगिताऔ मे भाग लिया । पमेंहदी प्रतियोगिता के बाद दौड़ का आयोजन किया गया जिसप्रधानाध्यापक प्रज्ञानंद जाटव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# नौलखी घाट पर होने वाले श्रीराम यज्ञ को लेकर हुई बैठक



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नगर के प्राचीन स्थल नौलखी घाट पर आगामी वर्ष के अप्रैल माह में आयोजित होने वाले श्रीराम यज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज, काशी के यज्ञ आचार्य मथुरा प्रसाद शुक्ला, केशव शास्त्री समेत अनेक गणमन नागरिक व आश्रम के भक्त सम्मिलित हुए। बैठक में राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि आगामी वर्ष की अप्रैल माह की 10 तारीख को श्री राम यज्ञ के लिए एक विशाल कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई नौलखी घाट पर पहुंचेगी साथ ही 11 से 19 अप्रैल तक 25 कुंडीय श्रीराम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के ही मध्य में 14 ,15 ,16 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी आयोजित किया जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम के उपरांत 20 अप्रैल को एक विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान की विस्तृत कार्य योजना बनाने के लिए 26 नवंबर को दोपहर 1 बजे नौलखी घाट पर एक बैठक आयोजित की गई है जिसमें समस्त नगर वासी गणमान्य नागरिक गण व्यापारी गण अपने ईष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं। श्रीमंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि आगामी बैठक में संपूर्ण आयोजन की विस्तृत कार्य योजना बनाई जाएगी।

# एनएसएस के छात्रों ने नाटिका की प्रस्तुति से किया इंदिरा गांधी का स्मरण



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** मंगलवार को स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने छात्र छात्राओं को बताया कि भारत की राजनीति में सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनके निर्णयों की दृढ़ता के कारण ही लौह पुरुष की संज्ञा दी गई। उन्होंने विचारों की दृढ़ता से एकीकृत भारत का निर्माण किया जा सका। इसी तरह उप प्राचार्य रजनी गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को आयरण लेडी से सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी की वैचारिक दृढ़ता के कारण ही पड़ोसी शत्रु पाकिस्तान के टुकड़े कर बंगलादेश को अलग देश बनाया जा सका। मालूम हो कि स्वयं सेवकों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के अंतिम दिनों की परिस्थितियों को नाटकीय रूप में प्रस्तुत किया। एनएसएस प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने बताया कि एनएसएस स्वयं सेवकों नाटिका के माध्यम से इंदिरा गांधी को स्मरण किया गया। नाटिका का निर्देशन शिक्षक नरेन्द्र राय ने किया। इंदिरा का अभिनय कृतिका गुप्ता, उनकी पीए का रोल मान्या तिवारी, बेअंत सिंह का अभिनय अमन पटेल और सूत्रधार की भूमिका अनुष्का देशपांडे ने निभाई। इस दौरान स्कूल के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं मौजूद रहे।

# नेशनल हाइवे पर कंटेनर और डंपर में भिडंत, भाई-बहन सहित 4 घायल



**मुरैना, देशबन्धु।** सरायछौला थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-44 पर बुधवार की दोपहर थाने के पास धौलपुर से मुरैना की ओर जा रहे कंटेनर को डम्पर ने ओवरटेक किया तो दोनों की भिडंत हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त हुई की सडक़ किनारे खड़े चार राहगीर चपेट में आ गए। हादसे की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची ओर घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया। यहाँ इमरजेंसी ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर व नर्सिंग स्टॉफ ने इलाज किया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को सर्जीकल वार्ड में भर्ती कर दिया है।

बताया जाता है कि घायलों में धुआंराम का पुरा गाँव निवासी 25 वर्षीय आकाश पुत्र जगदीश गोस्वामी,राजपुर निवासी सीनू पुत्र जनवेद, राजस्थान धौलपुर के राडोली गाँव निवासी सुरेश पुत्र मोहनलाल प्रजापति ओर सुरेश की बहन पिपरई गाँव निवासी कमला पत्नी राजकिशन प्रजापति के नाम शामिल है। घायल सुरेश प्रजापति राजस्थान से अपनी बहन कमला के यहाँ आया था और अपने घर जाने के लिए सडक़ पर बाइक लेकर खड़ा था, तभी कन्टेनर व डम्पर की भिडंत के दौरान वह चपेट में आ गया, जिससे सुरेश के दोनों पैर फेक्चर हुए है और उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल से ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया है। बाकी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

# 20 लाख की स्मैक के साथ 2 बाइक सवार तस्कर गिरफ्तार



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की बानमोर थाना पुलिस ने बुधवार को तडक़े चेकिंग के दौरान क्षेत्र में नशीला पदार्थ स्मैक सप्लाई करने बाइक से आ रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है तथा पूछताछ के लिए 2 दिन का रिमांड लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी चुनाव को देखते हुए नशीले पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत थाना प्रभारी मंगल सिंह को बुधवार को तडक़े सूचना मिली कि दो बाइक सवार युवक स्मैक लेकर बानमोर की तरफ आ रहे हैं।

उक्त सूचना पर उन्होंने एसडीओपी दीपाली को अवगत कराया और उनके निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने ओवर फुट ब्रिज के पास सर्विस लेन रोड ग्वालियर की ओर ए.बी. रोड बामौर पर पहुंचकर फोर्स के साथ चैकिंग लगायी गयी। चैकिंग के दौरान एक मोटरसाईकिल वाहन क्र. एमपी 06 एमएच 9093 से दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बाइक सवार को पकड़ा और तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के कब्जे से कल 200 ग्राम स्मैक कीमती 20 लाख रुपए बरामद करते हुए बाइक एवं दो मोबाइल फोन भी जप्त किए। पकड़े गए आरोपियों में दिलीप उर्फ टाइगर गुर्जर निवासी बिस्मिल कॉलोनी एवं शाहरुख खान निवासी मुरैना शामिल हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों को दो दिन की डिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### 3 आदतन अपराधी जिला बदर, राजस्थान, यूपी की सीमा में छोड़ा

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की महुआ थाना क्षेत्र के पिपरई निवासी आदतन अपराधी शिवशंकर उर्फ कालिया पुत्र श्रीकृष्ण कटारे उम्र 30 साल को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा एक बर्ष के लिए जिला मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर व शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर करते हुए जिलाबदर का अन्तिम आदेश पारित किया गया। उक्त आदेश के पालन मे आदतन अपराधी शिवशंकर उर्फ कालिया महुआ पुलिस द्वारा एक बर्ष के लिए जिला मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर, शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर रहने की समझाईश देकर जिला आगरा की सीमा मे छोड़ा गया। उक्त आदतन अपराधी पर थाना महुआ मे 09 अपराध पंजीबद्ध है। रामपुर कलॉ क्षेत्र के आदतन अपराधी राजू उर्फ देवेन्द्र पुत्र नृपाल सिंह जादौन उम्र 42 साल निवासी ग्राम एचबाडा जिला मुरैना को थाना रामपुर कला पुलिस द्वारा 01 बर्ष के लिये जिला मुरैना ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर व शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर रहने की समझाईश देकर जिला धौलपुर राजस्थान की सीमा में छोडा गया। उक्त आदतन अपराधी पर विभिन्न धाराओ में 10 अपराध पंजबीद्ध है। थाना जौरा क्षेत्र के अलापुर के निवासी मोनू उर्फ मुनेन्द्र पुत्र फूल सिंह किरार उम्र 30 साल को जिला कलेक्टर द्वारा जिला बदर करने के आदेश पारित किए गए, इसके बाद बुधवार को आरोपी को पुलिस द्वारा समझाईश देकर जिला धौलपुर राजस्थान की सीमा में छोड़ा गया। उक्त आदतन अपराधी पर 4 अपराध थाना जौरा में पूर्व से पंजीबद्ध हैं।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने किया झंडावंदन



**बैतूल,देशबन्धु।** प्रदेश स्थापना दिवस पर कलेक्टर भवन पर झंडावंदन किया गया। कलेक्टर श्री अमनबीर सिंह बैंस ने झंडावंदन किया। मध्यप्रदेश पुलिस की सशस्त्र टुकड़ी द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत आचार संहिता के अनुपालन में स्थापना दिवस सादगी और सम्मान के साथ मनाया गया। सभी शासकीय भवनों पर विद्युत साज-सज्जा से रोशनी की जाएगी।

### 24 वर्षो से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में पुलिस द्वारा वृहद स्तर पर वारंटीयो की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मुलताई पुलिस ने चोरी सहित विभिन्न धाराओं के अपराध में पिछले 24 वर्षो से फरार एक बेमयादी गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।पिछले 24 वर्षो से यह आरोपी फरार चल रहा था और न्यायालय ने इसके खिलाफ बेमियादी गिरफ्तारी वारंट जारी कर रखा था। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहा से उसे जेल भेज दिया गया। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि अशोक पिता भौजी पवार ( 22 साल) निवासी सवंगा 1999 से धारा 461, 380,34 भादवि के मामले में फरार चल रहा था। जब उसने अपराध किया था तब उसकी उम्र 22 वर्ष थी, लेकिंन अब वह 46 वर्ष का हो चुका है, पहले 24 वर्षो से लगातार फरार चलने के चलते उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। लगातार पुलिस द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही थी, लेकिन पक्की सूचना मिलने पर अशोक को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की ओर से अशोक का बेम्यादि गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

### भवन निर्माण पर महिला ने लगाई रोक, मकान मालिक ने की शिकायत

**मुलताई, देशबन्धु।** दुनावा पुलिस चौकी अन्तर्गत आने वाले ग्राम गुबरेल में वीरेंद्र टोलिराम सिंगारे द्वारा अपने कच्चे मकान को तोड़कर पक्का मकान बनवाया जा रहा था, जिस पर महिला ने आपत्ति ली और निर्माण कार्य रुकवा दिया, वहीं वीरेंद्र के साथ गाली गलौच कर ज्ञान से मारने की धमकी देकर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया गया। जिस लार वीरेंद्र ने दुनावा पुलिस चौकी, मुलताई पुलिस थाने सहित एसपी कार्यालय में लिखित शिकायत की। शिकायत में बताया कि उन्होंने उक्त भूमि कच्चे मकान सहित कमलकिशोर सिंगारे से खरीदी थी, बाजवजूद इसके उनकी रिश्तेदार संजुलता सोनवंशी निर्माण स्थल पर आ कर गंदी गंदी गालियां देने लगी और उक्त मकान में अपना हिस्सा बता कर काम रोकने के लिए धमकी देने लगी, वह अपने साथ कुछ अन्य अपराधिक प्रवृति के लोगो को लेकर आई थी जो उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। जिसके बाद वह घबरा गया और उनकी शिकायत करने पुलिस के पास पहुंचा।

### खंडेलवाल आज गांवों में करेंगे जनसंपर्क

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद-पूर्व विधायक हेमंत खण्डेलवाल गुरूवार 2 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में जनसंपर्क करेंगे। खण्डेलवाल गुरूवार 2 नवम्बर को बैतूलबाजार मंडल के 14 ग्रामों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से रूबरू होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध करेंगे।

# तेज हुआ भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों का जनसपंर्क

## भाजपा महिला नेत्रियों ने खंडेलवाल के लिए वार्डों में पहुंचकर मांगे वोट



**बैतूल, देशबन्धु।** भाजपा महिला नेत्रियों सहित कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के शिवाजी वार्ड, किदवई वार्ड, गांधी वार्ड में बैतूल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल के लिए सघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान महिला नेत्रियों ने मतदाताओं से क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसंपर्क के दौरान वंदना सुरे, प्रज्ञा श्रीवास्तव, माया पाल, नीलू सोनी ने कहा कि लाड़ली बहना योजना ने बहन, बेटियों का मान बढ़ाया है। इस योजना से महिलाओं में आत्मनिर्भरता का भाव पैदा हो रहा है। भाजपा नेत्री रश्मि साहू, पार्षद आभा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद ममता भट्ट ने महिला मतदाताओं को बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहना योजना से अभी महिलाओं को प्रतिमाह 1250 रूपए मिल रहे है आने वाले समय में 3000 रूपए प्रतिमाह मिलेगे। बैतूल नगर के वार्डो के जनसंपर्क में बैतूल नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर ने मतदाताओं को बताया कि बैतूल नगर जिले एवं मध्यप्रदेश के विकास के सिलसिले को जारी रखने के लिए मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार बनानी जरूरी है। इसलिए भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर बैतूल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल को आशीर्वाद दे। जनसंपर्क के दौरान ऋतु हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।

## डागा ने मोती वार्ड के साईं मंदिर में पूजा कर शुरू किया जनसम्पर्क



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी निलय विनोद डागा ने बुधवार सुबह 11 बजे मोती वार्ड स्थित प्रसिद्ध साईं मंदिर में पूजा अर्चना कर जन सम्पर्क अभियान की शुरुवात की। जनसंपर्क के दौरान वार्ड में डागा ने कहा कि उन्होंने यह महसूस किया है कि, उनकी विधान सभा की जनता ने उन्हें नेता नहीं बल्कि बेटे से भी बढ़कर स्नेह प्रदान किया है। कोरोना काल की त्रासदी में मेरे जनता रूपी परिवार के लोगो की परेशानी किसी से छिपी नहीं है। इस दौरान वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर डागा ने बुर्जगों के पैर छूकर आर्शिवाद प्राप्त किया। शाम 4 बजे जैसे ही निलय डागा प्रतापवार्ड पहुंचे वार्ड वासियों ने डागा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जनसम्पर्क में लोगों का भारी हुजूम इक्कट्ठा था। बैंड बाजों के साथ जनसम्पर्क में शामिल उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ता ने कांग्रेस द्वारा जारी वचन पत्र घरों घर पहुंचाए। इस मौके पर डागा ने कहा कि लोगों को यह अच्छी तरह मालूम है कि, कांग्रेस ने अपने 15 महीनों के कार्यकाल में वो सब कुछ करना शुरू कर दिया था। जिससे आम आदमी राहत महसूस कर रहा था। लेकिन भारी जन समर्थन से बनी कांग्रेस की सरकार भाजपा को रास नहीं आई और धोखेबाजी कर कांग्रेस की सरकार को बेदखल कर दिया गया।

## भाजपा प्रत्याशी की फेसबुक आईडी हैक, कांग्रेस को विजयी बनाने लिखी अपील



**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र मुलताई से भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर देशमुख की फेसबुक आईडी हैक कर कांग्रेस को विजयी बनाने की अपील उनके फेसबुक पेज से किए जाने का मामला सामने आया है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर देशमुख के फेसबुक अकाउंट पर एक झूठी पोस्ट को वायरल किया गया हैं। जिसमें चंद्रशेखर देशमुख के नाम के अकाउंट से असामाजिक तत्वों द्वारा पोस्ट किया गया हैं। पोस्ट में उल्लेखित है कि भाटापार विधानसभा के ग्राम जौलखेड़ा, बाड़ेगाव, टेमझिरा में जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की और ये भी लिखा गया हैं कि हर वर्ग का अपार समर्थन कांग्रेस के साथ हैं। गणेश साहू ने बताया कि ऐसी कोई बात न तो भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर देशमुख ने कही न ही किसी भाजपा कार्यकर्ता ने। जिस किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा ऐसा कृत्य किया है। भाजपा की एक्सपर्ट टीम उसका पता लगा रही है,पता चलने पर मामले की शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

### पर्यवेक्षकों ने की नोडल अधिकारियों के कार्य की समीक्षा

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षकों बी. बाला मायादेवीहरिता, के. के. सुदामा राव, पुलिस पर्यवेक्षक शिवहरि मीणा ने नोडल अधिकारियों के साथ वन टू वन चर्चा की। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने जिले में मतदान संबंधी तैयारियों एवं व्यवस्था की बिन्दुवार जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी ने सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिले की सीमाओं, मतदान स्थल, मतगणना स्थल पर की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराया एवं बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी, एडीएम जयप्रकाश सैय्याम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद, सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा भी उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं को मतदान करने दिलाई शपथ



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के स्टेशन रोड पर स्थित राउत भवन में दो दिवसीय कंप्यूटर विज्ञान प्रदर्शनी के अवसर पर आए हुए सैकड़ो छात्र-छात्राओं को बुधवार नगर पालिका सीएमओ राजकुमार इवनाती और मतदाता जागरूकता अभियान के प्रभारी महबूब खान की उपस्थिति में दीपक सोलंकी द्वारा अनिवार्य रूप से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने मतदान करने के लिए अपने घर, परिवार, रिश्तेदार, पड़ोसियों सहित अन्य लोगों को जागरूक करने की बात कही। नगर के स्टेशन रोड पर स्थित राउत भवन में मंगलवार कंप्यूटर विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया था, जिसमें सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के छात्र-छात्राएं प्रदर्शनी को देखने के लिए पहुंचे थे। कनक श्री संस्था के संचालक दीपक सोलंकी ने बताया की छात्र छात्राओं में कंप्यूटर के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें कंप्यूटर के विभिन्न डिवाइस से परिचय कराने के साथ साथ इसके इतिहास से रूबरू कराने के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था जिसमे पुराने समय के बड़े बड़े कम्प्यूटर से लेकर आधुनिक लैपटॉप को रखा गया था।

## पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

▸ पूजन सामग्री खरीदते दिखे दंपत्ति अधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित आमजन



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में बुधवार करवा चौथ के अवसर पर बड़ी संख्या में पति-पत्नी एक साथ पूजन सामग्री खरीदने के लिए बाजार में निकले जहां पर बाजार में चका चौंध दिखाई दी।

नगर के मुख्य मार्ग सहित विभिन्न चौक चौराहों पर भारी भीड़ रही। महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु के लिए वृत रखकर पूजन सामग्री खरीदते दिखाई दी, उनके साथ उनके पति भी पहुंचे। नगर के फव्वारा चौक पर मुलताई एसडीओपी सुरेश पाल सिंह उनकी धर्मपत्नी न्यायाधीश शालिनी शर्मा के साथ दिखाई दिए, तो वही दूसरी तरफ ताप्ती तट पर नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार अपने पति प्रहलाद परमार के साथ पूजन सामग्री खरीदते दिखाई दी। मुख्य रूप से करवा, फूल, चूड़ी, श्रंगार आदि की दुकानों पर ज्यादा भीड़ दिखाई दी। पंडित सौरव जोशी ने बताया कि यह व्रत, महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना के लिए और आपसी प्रेम वैभव को बढ़ाने के लिए रखती है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य निर्जला व्रत करके चतुर्थी के दिन दीर्घायु के प्रदाता भगवान गणेश की आराधना कर करवा की पूजन कर इससे जुड़ी हुई कथाओं का स्मरण करना तथा अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए किया जाने वाला यह व्रत है।

## मरम्मत के चलते बंद रहा खेड़ली बाजार रोड का रेलवे गेट



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में बोरदेही रोड पर स्थित रेलवे गेट बुधवार दोपहर 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक बंद रहा । जिससे इस मार्ग से आने जाने वाले वाहन चालक परेशान रहे। हालांकि रेल विभाग द्वारा मंगलवार शाम को ही गेट बंद रखने की सूचना जारी कर दी गई थी। लेकिन व्यापक प्रचार प्रसार नही होने से लोग परेशान होते रहे। गौरतलब है कि नगर में बोरदेही रोड पर स्थित रेलवे गेट के बाद नगरीय क्षेत्र सहित सरकारी कालेज, ग्राम चंदोरा खुर्द, करपा, बरई, टेमझिरा, खेड़ली बाजार, बोरगांव, कुजबा, ब्राह्मणवाड़ा, बम्हनी, बोरदेही सहित सैकड़ों गाँव है। वहीं छिंदवाड़ा जिले के भी गांव इसमें शामिल है। जिनका आना जाना इसी मार्ग से होता है। इस मार्ग से करीब आधा सैकड़ा बस का आवागमन प्रतिदिन रहता है। लेकिन बुधवार दोपहर 3 बजे के बाद रेलवे गेट बंद होने के कारण खासतौर से वाहन चालको को परेशान होना पड़ा। यात्री बस गेट के पास रोककर ही सवारिया उतारना पड़ा। वहीं से सवारिया बैठाकर बस रवाना की गई। हालांकि उक्त रेलवे गेट की जगह ओवर ब्रिज निर्माण की प्रकिया प्रारंभ हो चुकी है। ओवर ब्रिज निर्माण के बाद हमेशा के लिए उक्त परेशानी से निजात मिलेगी।

## छात्र की मौत मामले में बिरसा मुंडा क्रांति दल ने की जांच की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** आठनेर ब्लॉक के सातनेर सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास में अंधेरवाडी निवासी कक्षा 9 के छात्र करण उईके की मौत के मामले में ब्लाक आदिवासी समाज संगठन के बिरसा मुंडा क्रांति दल के सदस्यों ने मृतक छात्र के परिजनों के साथ पहुंचकर मामले में जांच की मांग कर छात्रावास अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग की है।

**अधिक्षीक करते थे अप-डाउनः** सातनेर के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया है कि अधीक्षक मनोज लोखंडे बैतूल से अपडाउन करते थे। छात्रावास के भृत्य के भरोसे छात्रों की सुरक्षा थी। ग्राम पंचायत की ओर से कुएं पर सुरक्षा जाली भी लगाई थी लेकिन सुरक्षा में चूक से छात्र की जान चली गई।

**मामले में जांच शुरूः** सातनेर सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास के कक्षा 9 वी के छात्र की मौत के मामले में जिला कलेक्टर सहायक आयुक्त इस पुरे मामले में जांच कर रहे हैं।

### इनका कहना है

छात्र की मौत के मामले में वरिष्ठ अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। अधीक्षक की भूमिका की जांच भी करेंगे। छात्रों की सुरक्षा में बड़ी लापरवाही है।

**आरपी गिहारे, शिक्षा अधिकारी आठनेर**

## 2121 दीपकों की जगमगाती ज्योत से की मां भवानी की महाआरती



**बैतूल, देशबन्धु।** आठनेर ब्लाक के ग्राम हिवरा के सुप्रसिद्ध श्री महावीर देवस्थान मां भवानी शंकर मंदिर में 2121 दीपकों की जगमगाती ज्योत से माता भवानी की महाआरती का भव्य आयोजन हुआ। इस भव्य महाआरती में ग्रामीण महिलाओं और आस-पास से पहुंचे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भवानी की महाआरती की। इस भव्य महाआरती का आयोजन प्रति वर्ष हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। सर्व सुख-समृद्धि परम वैभव और सौभाग्य के लिए की गई इस भव्य महाआरती आयोजन में पूरे जिले से श्रद्धालु यहां पहुंचे थे। नवरात्रि पर्व के बाद पहले मंगलवार को होने वाली इस संगीतमय महाआरती में पूरे क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाती है। हिवरा मां भवानी मंदिर में की गई इस महाआरती में महिलाओं ने मां के स्वरूप की विशेष रांगोली परिसर में सजाई थी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मां भवानी शंकर मंदिर हिवरा में मंगल महाआरती पश्चात भंडारे का विशेष आयोजन किया गया । इस महा आयोजन के सूत्रधार सर्वराकर एवं मालगुजार हनुवंतराव देशमुख पटेल ने सभी भक्तों का आभार माना है ।

## कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व नपाध्यक्ष जैन एवं अन्य का किया स्वागत




**हरदा, देशबन्धु।** कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन एवं उनके साथियों एवं नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। चुनाव कार्यालय के प्रभारी कैलाश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राजेश पटेल एवं प्रदेश सचिव गगन अग्रवाल का भी स्वागत किया। इस दौरान सुरेन्द्र जैन ने कहा कि हरदा जिले मे अवैध उत्खनन, मादक पदार्थ खुलेआम बिक रहा है इस पर रोक लगाने ओर हरदा के युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए कांग्रेस के साथ काम करूंगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं कार्यकर्ता से ही पार्टी कोई भी चुनाव हारती ओर जीतती है। इसलिए कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर सक्रियता से काम करें उनके मान एवं सम्मान मे किसी भी प्रकार की कमी नहीं आएगी । कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामकिशोर दोगने ने कहा कि जिस प्रकार 2013 मे हमने चुनाव जीता था और अनेकों कार्य हरदा क्षेत्र के लिए किए ठीक उसी तरह से हमे मेहनत करनी हैं घर घर तक कांग्रेस की जनहितैषी योजनाओ का प्रचार प्रसार करना हैं कांग्रेस पार्टी को जीतना हैं जन समर्थन कांग्रेस के पक्ष मे हैं इसलिए हम कड़ी मेहनत करेंगे और चुनाव जीतेंगे ।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार ने कहा कि हम सभी अपने अपने क्षेत्रों मे तैयारी करें भाजपा को हरदा जिले से अलविदा कहने के लिए जनता तैयार हैं हमे प्रत्येक बूथ पर अपने स्थानीय संगठन के साथ काम करना है और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करना हैं ।

इस दौरान डॉ आनंद झँवर, लखन सिंह मौर्य, कैलाश पटेल, आत्माराम पटेल, सुभाष पटेल, श्यामलाल बाबल, दिनेश यादव, लक्ष्मीनारायण ठाकुर, हीरालाल पटेल, केदार सिरोही, कैलाश चतुर्वेदी, गोविंद व्यास, अमर रोचलानी, शैलेन्द्र जोशी, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, अमर यादव, संजय जैन, दीपक सारण सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर विश्नोई समाज के युवाओं की हुई बैठक



**हरदा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को लेकर कृषि मंत्री कमल पटेल के नेतृत्व में विश्नोई समाज के युवाओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें विश्नोई समाज के पोलिंगों से करीब 435 युवाओं ने विश्नोई समाज की सभी पॉलिंगो को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में अनेक युवाओ ने भाजपा की सदस्यता ली। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अमर सिंह मीणा, जिला महामंत्री देवी सिंह सांखला , गोपाल जानी ,जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गौर , दिनेश झूरिया , हीरालाल पटेल युवा नेता संदीप पटेल , नीलू पटेल , राजा पटेल, महेश जाडू , सुभाष मोटा , दीपक पटेल , हरिशंकर पटेल सहित अनेक भाजपा युवा नेता सम्मिलित हुए ।

## सार समाचार

### जिले के जीपी, एजीपी के बीच कार्य विभाजन

**इटारसी, देशबन्धु।** जिला दंडाधिकारी होशंगाबाद नर्मदा पुरम के द्वारा इटारसी के तीनों सत्र न्यायालय में कार्यरत अपर लोक अभियोजकों के बीच कार्य विभाजनव आदेश जारी किया है। जिला दंडाधिकारी नर्मदा पुरम द्वारा जारी आदेश अनुसार इटारसी के प्रथम अपर सत्र न्यायालय में राजीव शुक्ला को एजीपी का कार्य एवं प्रभार सौंपा है। द्वितीय अपर सत्र न्यायालय इटारसी में भूरे सिंह भदोरिया एजीपी के रूप में शासन की ओर पैरवी करेंगे। इसी तरह तृतीय अपर सत्र न्यायालय इटारसी में एसएन चौधरी उपस्थित होकर शासन का पक्ष समर्थन करेंगे। तीनों एजीपी को द्वितीय प्रभार में उक्त तीनों न्यायालय में अलग-अलग समय में कार्य करने की अनुमति भी प्रदान की गई है। 30 अक्टूबर को जारी आदेश के अनुसार जिला दंडाधिकारी नर्मदा पुरम द्वारा अपने आदेश क्रमांक 11051 /सा लि/ 2023 दिनांक 29/7 /23 में आंशिक संशोधन किया गया है। इसके साथ ही नर्मदा पुरम में नवनियुक्त जीपी शैलेंद्र गौर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में शासन से पैरवी करने हेतु नियुक्त किया गया है। इस कार्य विभाजन आदेश पर सभी अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है एवं तीनों एजीपी एवं जीपी को बधाइयां दी है।

### मां नर्मदा और तवा के संगम पर 25 से 28 तक लगेगा बांद्राभान मेला

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्यालय से आठ किमी दूर स्थित नर्मदा व तवा के संगम स्थल बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार बांद्राभान मेला 26 से 28 नवंबर तक लगेगा। मेले की तैयारियों की संबंध में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरण सिंह ने अधिकारियों के साथ बुधवार को मेला स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। पार्किंग, वाहन शुल्क, परमिट आदि की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की जाए। बांद्राभान मेला स्थल पर व्यवस्थित ले आउट डाला जाए। मेला स्थल पर बेरिकेडिंग भी अच्छे से कराएं। मेला स्थल पर आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हों। उन्होनें पेयजल, चलित शौचालय आदि की भी व्यवस्थाए किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रि में बिजली जाने की समस्या न हो इसके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान को सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत, एसडीएम आशीष पांडे, डीएसपी ट्रैफिक संतोष कुमार मिश्रा, एसडीओपी पराग सैनी, आरटीओ निशा चौहान, जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अनाधिकृत कट आउट, बैनर, पोस्टर फ्लेक्स, झण्डियां एवं प्रचार सामग्रियां लगाना प्रतिबंधित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन- 2023 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है तथा निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 02 नवम्बर 2023 को दोपहर 03 बजे तक है तथा मतदान 17 नवम्बर 2023 को किया जाएगा तथा मतगणना 03 दिसम्बर को की जाएगी। विधानसभा आम चुनाव पूर्ण रूप से स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशानुसार किसी प्रकार के अनाधिकृत कट आउट, बैनर, पोस्टर फ्लेक्स, झण्डियां एवं अन्य प्रचार सामग्रियां लगाये जाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगा। संबंधित स्थानीय निकाय द्वारा प्रचलित विज्ञापन नीति के अन्तर्गत शहर में विभिन्न स्थानों पर विज्ञापनों के होर्डिंग्स पर विज्ञापन प्रदर्शन की अनुमतियां दी गई है, यह अनुमतियां विभिन्न विज्ञापन एजेन्सियों यथा बीओटी आपरेटर्स को प्रदान की गई है, जिनसे मासिक एक मुश्त शुल्क निकाय द्वारा लिया जाएगा। दिन-प्रतिदिन लगाये जाने वाले विज्ञापनों पर सामान्यत: संबंधित स्थानीय निकाय से अनुमति नहीं ली जाती है। निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान ऐसे सभी वैध तथा अनुमति प्राप्त स्थानों पर किसी भी प्रकार की चुनाव से संबंधित अथवा राजनीतिक विज्ञापनों के प्रदर्शनों के लिये निकाय से पूर्व अनुमति, लेना अनिवार्य होगा।

# 16 साल से फरार 2 आरोपियों को इटारसी पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया



**इटारसी, देशबन्धु।** न्यायालय एवं एसपी डॉक्टर गुरुकरन सिंह के आदेश पर इटारसी पुलिस ने विगत 16 वर्ष से फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान एवं टीआई गौरव बुंदेला के मार्गदर्शन में 16 वर्षों से न्यायालय से फरार चल रहे आरोपियों को सिटी पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नई गरीबी लाइन निवासी और हाल निवास इंदौर माखन पिता हरप्रसाद साहू को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। यह आरोपी अड़ीबाजी एवं मारपीट के मामले में 16 वर्ष से फरार चल रहा था। दूसरे मामले में नेहरुगंज निवासी कदू को मारपीट के मामले में पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। यह दोनों आरोपी 16 वर्षो से फरार चल रहे थे। दोनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। दोनों आरोपियों को एएसआई रमाकांत यादव, एएसआई संजय रघुवंशी एवं प्रधान आरक्षक हेमंत तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है।

## अपहर्ता बालिका को 24 घंटे में तलाश कर परिजनों को सौंपा

**इटारसी, देशबन्धु।** एक नाबालिग को पुलिस ने अपहरण के 24 घंटे के भीतर खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामला शिवपुर थाना अंतर्गत हुआ था। 30 अक्टूबर को फरियादी लखन पिता गुलाब सिंह मलाजपुरे 52 साल निवासी बाबड़िया भाऊ ने शिकायत की थी कि 29 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे उसकी नाबालिग पुत्री मां से गांव में जाने का कहकर गयी थी जो शाम तक वापस नहीं लौटी। आस पास तलाश के बाद नहीं मिली तो पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे।

मामले की गंभीरता को देख पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना शिवपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की। अपहरण की घटना के बाद घटना की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी शिवपुर उप निरीक्षक विवेक यादव ने एसपी नर्मदापुरम गुरकरन सिंह को घटना से अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं एएसपी आशुतोष मिश्रा के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिवनी मालवा सुश्री आकांशा चतुर्वेदी के निर्देशन में टीम घटित की। टीम ने तकनीकी तथा गैर तकनीकि साधनों की मदद से 31 अक्टूबर 23 को अपहर्ता नाबालिक को बस स्टैंड हंडिया जिला हरदा से तलाश कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। टीम का नेतृत्व उप निरीक्षक विवेक यादव ने किया तथा कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक आशीष तिरोल्या, आरक्षक रिचा, महेंद्र, नरेंद्र, गौरी शंकर, सुनील, अभिषेक नरवरिया, संदीप यदुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मध्य प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ। जिसमें कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान और मध्य प्रदेश गान के गायन के साथ ही स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान कर मध्य प्रदेश के विकास का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह, जिला पंचायत सीईओ एस एस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहें। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय सिंह बिसेन के निर्देशन में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें एक्सीलेंस स्कूल की छात्राओं ने आओ रे शुभ दिन आयो, गगन कहे विजयी भवा आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद सेमीरिटर्न हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों में जुनून है जुनून है सत्यमेव जयते पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा लोकतंत्र का पावनतम त्यौहार आ गया है, चलो सब साथ चलेंगे अपना मतदान करेंगे गीत पर प्रस्तुति देकर मतदान का संदेश दिया गया। सेमीरिटन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सुमधुर मध्य प्रदेश गान की प्रस्तुति दी। कलेक्टर एसपी ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा, बच्चों के साथ खिंचवाई फोटो कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर एवं एसपी सभी बच्चों से मिले और उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने सभी बच्चों के साथ ही सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

# आज नाम वापसी के बाद विधानसभा स्तर पर आयोजित होगी स्टैंडिंग कमेटी के बैठक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की विधानसभावार समीक्षा कर निर्देशित किया कि 2 नवंबर को दोपहर 3 बजे नाम वापसी के पश्चात सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की विधानसभा स्तर पर बैठक आयोजित करें। जिसमें निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदाता सूची, वृद्ध और दिव्यांगजन मतदाताओं की जानकारी, सर्विस वोटर्स की प्रतियां उपलब्ध कराएं। उन्हें मतदान अभिकर्ता और मतगणना अभिकर्ता के दायित्वों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दें। पोस्टल बैलेट, स्ट्रॅान्ग रूम, मतदान सुविधा केंद्रों के बारे में बताया जाएं। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोस्टल बैलट के मुद्रण के संबंध में भी सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ काम करें। सौंपे गए दायित्वों को समय सीमा में पूर्ण किया जाएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## जीनियस प्लानेट में मप्र गान के साथ मना स्थापना दिवस



**इटारसी, देशबन्धु।** जीनियस प्लानेट सीनियर सैकंड्री स्कूल में आज मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों ने श्रंखलाबद्ध होकर मध्य प्रदेश का नक्शा बनाया। इस आकृति को बनाने स्कूल के विद्यार्थी अपनी हॉउस यूनिफार्म में आये, स्कूल के सभी चारों हाउस सिल्वर, गोल्ड, प्लेटिनम और डायमंड हाउस के बच्चों में मप्र की आकृति को बनाया। आज विशेष बात यह रही की इन विद्यार्थियों ने इसी आकृति में खड़े होकर स्कूल की पूरी असेंबली के साथ मध्य प्रदेश गान गाया। इस आकृति को स्कूल प्राचार्य विशाल शुक्ल के गाइडेन्स में स्पोर्ट्स टीचर्स कृष्णा साहू एवं अन्य स्टाफ ने बनाया।

स्कूल संचालक जाफ़र एवं मनीता सिद्दीकी ने सभी को मप्र दिवस की बधाई देते हुए शपथ दिलायी कि हम अपने घर, मोहल्ला और स्कूल के आस पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखेंग। यदि हर व्यक्ति इसका ध्यान रखेगा तो हम हमारा पूरा शहर स्वच्छ रख पाएंगे। ऐसा करने से पूरा प्रदेश और पूरा देश स्वच्छ रहा पायेगा। स्कूल प्राचार्य ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी।

## भारत माता की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के प्रकरण में कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित पार्क में भारत माता की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। मूर्ति का हाथ खंडित करने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। घटना मंगलवार की बताई जा रही है। रात में प्रतिमा के हाथ टूटने का मामला उजागर हुआ। लोगों ने इस शर्मनाक घटना में पार्क में बैठकर शराबखोरी करने वाले नशेड़ियों के होने की आशंका जताई। हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित पार्क का नाम भारत माता पार्क है। इसमें भारत माता की प्रतिमा स्थापित है। नगर पालिका के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी की वजह से पार्क दयनीय स्थिति में है। वार्डवासियों ने बताया कि रात में पार्क में कुछ लोग बैठकर शराब पीते हैं। असामाजिक तत्वों ने बाउंड्रीवॉल में लगे तारों को तोड़ दिया है। प्रशासन से कई बार वार्डवासियों ने पक्की बाउंड्रीवॉल की मांग व पार्क के रखरखाव का कहा। बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। अब असामाजिक तत्वों ने भारत माता की प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया। वहीं बुधवार को भारत माता की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के प्रकरण को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम संपदा सराफ को जांच कर शीघ्र रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# एसएसटी दल की प्रभावी कार्रवाई, पिपरिया में 6 लाख 78 हजार की अवैध राशि जब्त

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में आदर्श आचरण संहिता का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सामग्रियों की जांच के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह द्वारा जिले में 13 स्थैतिक निगरानी दल बनाए गए हैं जो 24 घंटे वाहनों की सघन जांच कर रहें है। इसी क्रम में बुधवार को पिपरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायसेन जिले की सीमा पर बनाए सिवनी चेक पोस्ट के एसएसटी द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 4 लाख 62 हजार 800 रुपए की राशि जप्त की गई है। वही अन्य कार्यवाही में बनखेड़ी सीमा पर स्थित महालनवाडा चेक पोस्ट के एसएसटी दल ने 2 लाख 15 हजार 860 रुपए की राशि जप्त की हैं। एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित द्वारा राशि से वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर कार्रवाई करते हुए राशि जप्त कर उसे जिला निर्वाचन कार्यालय प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि दो अलग-अलग कार्रवाई में कुल 6 लाख 78 हजार की राशि जप्त की गई हैं।



# करवा चौथ के चांद के बाद 2 नवंबर गुरू के दीदार की बारी




**इटारसी, देशबन्धु।** करवाचौथ के चंद्र दर्शन की रात के बाद गुरूवार 2 नवम्बर की रात होगी गुरूदर्शन की रात। अन्य सभी ग्रहों की तुलना में दुगने से भी अधिक विशाल बृहस्पति, गुरू या जुपिटर कल 2 नवंबर को पृथ्वी के सबसे पास होगा तो शुक्रवार 3 नवंबर को यह अपोजीशन की स्थिति में होगा।

इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि सूर्य की परिक्रमा करते हुये पृथ्वी और बृहस्पति गुरूवार को इस स्थिति में पहुंच रहे हैं कि पृथ्वी से बृहस्पति की दूरी सबसे कम होगी इसे जुपिटर एट पेरिजी कहते हैं। इस समय यह पृथ?वी से 59 करोड़ 57 लाख 59 हजार किमी दूर रहेगा। इसके बाद यह दूरी बढ़ना आरंभ हो जायेगी। इसके अगले दिन 3 नवम्बर को भारतीय समयानुसार प्रात: 10 बजकर 25 मिनट पर जुपिटर इस स्थिति में रहेगा कि पृथ्वी से एक ओर सूर्य तो दूसरी ओर जुपिटर होगा अर्थात ये दोनों 180 डिग्री पर होंगे। इस खगोलीय घटना को जुपिटर एट अपोजीशन कहते हैं।

सारिका ने बताया कि जुपिटर मेष तारामंडल में रहेगा और शाम को पूर्व दिशा में उदित होकर लेकर रात भर आकाश मे रहकर सूर्योदय से कुछ पहले पश्चिम दिशा में अस्त होगा। यह आकाश में जुपिटर को देखने का साल का सबसे अच्छा समय है क्योंकि पास रहने से यह अपेक्षाकृत बड़ा और माईनस 2.9 मैग्नीटयूड से चमकदार दिखेगा। शाम के समय यह पूर्व मे चमकते हुये खाली आंखो से ही देखा जा सकता है। अब तक जुपिटर के 95 मून खोजे गये हैं। अगर आप किसी सामान्य टेलिस्कोप से जुपिटर को देखेंगे तो इसके 4 मून आसानी से देख पायेंगे। सारिका ने बताया कि जुपिटर एट अपोजीशन की अगली घटना 8 दिसंबर.2024 को होगी। तो तैयार हो जाईये सौरमंडल के सबसे विशाल ग्रह को आपके पास आने का स्वागत कर दर्शन करने के लिये।

# स्थानीय प्रशासन पर भारी पड़ रहा दुकानदार, क्या जिला प्रशासन करेगा मामले में कार्रवाई

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर का एक रेडिमेड कपड़े का दुकानदार वर्षो से स्थानीय प्रशासन पर भारी पड़ रहा है। इस दुकानदार की मनमानी को रोकने नगर पालिका के किसी अधिकारी ने हिम्मत नहीं दिखायी, किसी ने कोई प्रयास किया तो वह उसमें सफल नहीं हो सका और आज भी इस दुकानदार की मनमानी जारी है। सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन मामले को संज्ञान में लेकर कोई कार्रवाई करेगा, या उक्त दुकानदार की मनमानी यूं ही चलती रहेगी। बिना किसी डर के इसने नगर पालिका की दुकान में बदलाव कर लिये हैं और वर्षो से कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि आये, किसी ने दुकान निरस्त करने जैसी हिम्मत नहीं दिखाई है। अब व्यापारी स्वयं इस दुकानदार की मनमानी से त्रस्त हो गये और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र देकर नगर पालिका परिषद की कियायदारी वाली दुकान में तोड़फोड़ करने और स्वरूप में परिवर्तन करने का विरोध कर शिकायत दर्ज करायी है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में कुछ एसडीएम और कुछ सीएमओ मीनाक्षी ड्रेसेस के संचालक ओमप्रकाश गगलानी द्वारा स्थानीय फल बाजार स्थित नगर पालिका परिषद की किराएदारी वाली दुकान में तोड़-फोड़ तथा स्वरूप में परिवर्तन किए जाने की शिकायत पर बिना अनुमति बनाये हिस्से को गिरा चुके हैं, लेकिन इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पाये। कुछ दिनों बाद व्यापारी पुन: निर्माण और अपने अनुसार दुकान में बदलाव कर लेता है। अब फल बाजार इटारसी स्थित दुकानदारों ने सीएमओ को शिकायत की है।




दुकानदारों की शिकायत है कि वे शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों, नियमों का पालन करते हुए अपना व्यवसाय करते चले आ रहे हैं। बाजार में मीनाक्षी ड्रेसेस के नाम से नगर पालिका परिषद इटारसी के स्वामित्व की एक दो मंजिला दुकान जिसे दुकानदार ओमप्रकाश गगलानी द्वारा अपनी स्वयं की इच्छा से तोड़-फोड़ कर अंदर ही अंदर निर्धारित लेंटर तोड़कर उक्त दुकान को चार मंजिला बना लिया है। चूंकि जब दुकानों का निर्माण हुआ था, तब एक जैसा लेंटर डाला गया था, जिससे उस जाल में अन्य दुकानों का लेंटर भी बंधा हुआ था, किसी भी प्रकार का कोई जीना दुकान के अंदर से नहीं दिया गया था। उक्त दुकानदार ने दुकानों के स्वरूप में तोड़-फोड़ कर परिवर्तन किया है, जिससे अन्य दुकानों के लेंटर की मजबूती में कमी होने से कंपन जैसी स्थिति हर हमेश बनी रहती है। दुकानों के सामने से कोई भारी वाहन अथवा आतिशबाजी या डीजे वगैरह निकलता है, तो दुकानों में कंपन महसूस होती है, क्योंकि दुकानों का जो जाल लोहे का बंधा हुआ था, उसके बीम में तोड़-फोड़ की गयी है, जिस कारण उक्त स्थिति निर्मित हुई है। पूर्व में भी संबंधित को अवगत कराया गया था, लेकिन इस ओर कोई कार्यवाही नहीं की गयी, जिस कारण उक्त दुकानदार का हौसला विधि विरुद्ध होने के बावजूद बुलंदियों पर है। दुकानदारों की मांग है कि संबंधित की किराएदारी अविलंब निरस्त की जाकर दुकान को पूर्व के स्वरूप में बनाया जाए अन्यथा भविष्य में किसी दुर्घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# सुरेंद्र पटवा और अजय सिंह को मिली राहत, नामांकन को लेकर आपत्ति खारिज




**भोपाल, देशबन्धु।** रायसेन जिले की भोजपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा और सीधी जिले की चुरहट सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अजय सिंह को नामांकन मामले में चुनाव आयोग से बड़ी राहत मिली है। इनके खिलाफ सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया गया है। इन प्रत्याशियों के नामांकन मंगलवार को जांचके दौरान स्थगित किये गए।

भोजपुर सीट से 3 प्रत्याशियों ने सुरेंद्र पटवा के शपथ पत्रों में दी गई जानकारी को चुनौती दी थी। निर्वाचन अधिकारी के समक्ष कांग्रेस के प्रत्याशी राजकुमार पटेल, निर्दलीय गणेश मालवीय और संयम जैन की और से यह शिकायत की गई थीं कि श्री पटवा ने अपने शपथ पत्रों में आपराधिक मामलों और कुछ अन्य जानकारियों का विवरण नहीं दिया है। जिस पर निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बुधवार 11 बजे तक श्री पटवा से जवाब मांगा था। अब जवाब के बाद उनके नामांकन को वैध पाया गया। वहीं दूसरी और सीधी जिले के चुरहट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह राहुल के नामांकन पर भाजपा प्रत्याशी शरदेंदु तिवारी ने आपत्तियां जताई थीं। जिसके चलते उनका नामांकन भी होल्ड कर दिया गया था। आज दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने अजय सिंह के नामांकन को हरी झंडी दे दी। इससे इन नेताओं को राहत मिली है।

## राहुल लोधी को भी मिली राहत



इधर, पूर्व मंत्री एवं खरगापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी का भी नामांकन वैध पाया गया है। मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी चंदा गौर ने लोधी के नामांकन पर आपत्तियां दर्ज कराई थीं। लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने सभी आपत्तियों को सुनने के बाद देर रात राहुल लोधी के नामांकन को वैध पाया।

कमलनाथ ने लगाया आरोप

# भाजपा केवल 'पुलिस, पैसे और प्रशासन' के सहारे



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी पर पुलिस, पैसे और प्रशासन के दम पर सरकार चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जनता इस कुशासन से मुक्ति चाहती है। श्री कमलनाथ ने नरसिंहपुर के करेली में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा में कहा कि स्कूली बच्चों को विश्व की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप देने का काम कांग्रेस की सरकार करने वाली है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ज़ब वोट देने जायें तो कांग्रेस के वचनपत्र को पढ़कर जायें। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में स्वास्थ्य, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था सब चौपट हैं और रोजगार भी नहीं है। प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति भ्रष्टाचार से पीड़ित है। श्री कमलनाथ ने आरोप लगाया कि सरकार ने मध्यप्रदेश के भविष्य पर ताला लगा रखा है और यह ताला केवल 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही खुलता है। उन्होंने कहा कि ये युवाओं, महिलाओं , किसानों के भविष्य का चुनाव है। श्री कमलनाथ ने कहा कि सरकार आने पर कांग्रेस फिर से किसानों का कर्ज माफ करने वाली है। साथ ही धान का समर्थन मूल्य ढाई हजार रुपए देने का काम होगा।

# भाजपा के दिग्गजों को घेरेगी कांग्रेस, प्रवक्ताओं की तैनाती

## हर विधानसभा पर रखेंगे पैनी नजर

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस अब भाजपा के दिग्गजों को घेरने जा रही है, इसके लिए पार्टी ने अपने दर्जन भर तेज तर्रार प्रवक्ताओं की तैनाती की है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग द्वारा नियुक्त बतौर प्रभारी नियुक्त किए गए ये प्रवक्ता भाजपा नेताओं के घोटाले, भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाएगी। साथ ही विधानसभा क्षेत्रों में रहकर भाजपा प्रत्याशियों के खिलाफ प्रचार पप्रसर को गति देंगे। इसके साथ ही कांग्रेस के पक्ष में अपनी बात पुरजोर तरीके से मीडिया के सामने रखेंगे।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्वाचन क्षेत्र बुधनी विधानसभा के प्रभारी प्रवक्ता निर्मल पुरोहित बनाए गए हैं, दिमनी से चुनाव मैदान में उतरे भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह तोमर पर नजर रखने अजीत सिंह भदौरिया को प्रभार दिया गया है। भाजपा महासचिव और इंदौर-1 विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजवर्गीय पर नजर रखने अमित चौरसिया को प्रभारी प्रवक्ता बनाया गया है। नगरीय प्रशासन मंत्री और खुरई से भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र सिंह को घेरने की जिम्मेदारी अवनीश बुंदेला को दी गई है। जबकि दतिया विधानसभा प्रत्याशी नरोत्तम मिश्रा की घेराबंदी की जिम्मेदारी प्रभारी प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा को दी गई है। निवास से भाजपा फग्गन सिंह कुलस्ते पर नजर रखने शहरयार खान को तैनात किया गया है। भाजपा प्रत्याशी रीति पाठक के निर्वाचन क्षेत्र सीधी विधानसभा के लिए प्रभारी प्रवक्ता रवि वर्मा, जबलपुर पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी राकेश सिंह के क्षेत्र से प्रवीण धौलपुरे, लालसिंह आर्य के निर्वाचन क्षेत्र गोहद से स्वदेश शर्मा, भाजपा प्रत्याशी प्रहलाद पटेल के निर्वाचन क्षेत्र नरसिंहपुर से प्रवक्ता कुंदन पंजाबी, सांसद राव उदय प्रताप सिंह के गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार उपाध्याय केलू और सतना से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह के निर्वाचन क्षेत्र से उपेन्द्र मिश्रा प्रभारी प्रवक्ता बनाए गए हैं।

## कंट्रोल रूम स्थापित

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया कंट्रोल रूप स्थापित किया है जो प्रतिदिन समूचे 230 विधानसभा क्षेत्रों में अपने जिला प्रवक्ताओं के जरिए से समूची जानकारी एकत्र करेगा। इसके साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधितों को जारी किए जाएंगे। कंट्रोल रूम प्रतिदिन होने वाले सभी घटनाक्रमों पर अपनी पैनी नजर भी रखेगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सिंह परिहार व सुश्री फरहाना खान कांग्रेस मीडिया विभाग की कंट्रोल रूम प्रभारी होंगी।

कमलनाथ और दिग्विजय को लेकर कसा तंज, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले

# कैमरे के पीछे गाली और सामने ताली



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की हकीकत यह है कि वह आपस में मतभेद रखते हैं, लेकिन सबके सामने वह एक दूसरे से मित्रवत व्यवहार करते हैं।

श्री शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कमलनाथ और दिग्विजय पर निशाना साधने के साथ ही भाजपा की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के 68 वें स्थापना दिवस पर हमने संकल्प लिया है कि हम प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाकर रहेंगे। डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश की भाजपा की सरकार के नेतृत्व में आज प्रदेश पूरे देश के अंदर सभी राज्यों में लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रदेश को सशक्त, सक्षम और स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में काम किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि 2003 के पहले प्रदेश को बीमारू राज्य के नाम से देश भर में जाना जाता था, लेकिन अब विकसित राज्य के तौर पर जाना जाता है।

## अब प्रदेश कृषि के क्षेत्र में प्रदेश अव्वल बन गया है

श्री शर्मा ने कहा कि गेहूं निर्यात में 45प्रतिशत की भागीदारी के साथ मध्य प्रदेश प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि 2023 में सिंचाई केवल 7 लाख हेक्टेयर में होती थी,लेकिन अब 45 लाख हेक्टेयर में होती है।

श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता के मामले में इंदौर छटवीं बार पहले स्थान पर आया। प्रदेश के शहरों और गांवों में भी स्वच्छता की दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश ने वापस टाइगर स्टेट का तमगा हासिल किया है। पन्ना क्षेत्र में करीब 100 टाइगर और प्रदेश में यह आंकड़ा 526 से बढ़कर 725 तक पहुंच गया। महिलाओं को सम्मान प्रदेश में भाजपा का अभिमान है और मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में हमारी बहनों को पहले 1 हजार रुपये देने का ऐलान किया था।

कांग्रेस ने लगाया आरोप, राजनैतिक दबाव में इंदौर कलेक्टर

# विजयवर्गीय के खिलाफ अपराधिक आरोप, फिर भी निरस्त नहीं किया नामांकन



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इंदौर क्रमांक 1 से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों को लेकर उस पर कांग्रेस द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों को दरकिनार कर निर्वाचन अधिकारी और इंदौर कलेक्टर ने उनके नामांकन को रद्द नहीं किया। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने आज पत्रकारों को बताया कि विजयवर्गीय के खिलाफ पीड़ित महिला ने पश्चिम बंगाल में गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया था, जिस पर हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए थे और सुप्रीम कोर्ट ने भी विजयवर्गीय को कोई राहत न देते हुए उच्च न्यायालय के निर्णय को उचित ठहराया था।

इस मामले में जमानती गिरफ्तारी वारंट पर न्यायालय में उपस्थित न होने पर विजयवर्गीय को न्यायालय द्वारा फरार घोषित कर उनके नाम पर स्थायी वारंट जारी कर दिया गया। वहीं विजयवर्गीय के खिलाफ छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता कनक तिवारी ने मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे मे निर्धारित प्रकिया के अनुसार विजयवर्गीय के नाम पर समन जारी किया गया। इस समन की तामिली होने के उपरांत भी जब वे न्यायलय में उपस्थित नही हुए तो उनके नाम पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। इन आपराधिक मामलों की जानकारी विजयवर्गीय ने शपथ पत्र में नहीं दी। कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला की ओर से इस पर आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसे इंदौर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी खारिज कर दिया। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा की गई आपत्तियों को दरकिनार कर उनके नामांकन को वैध करार दे दिया, जो सरासर अनुचित है। श्री मिश्रा ने आरोप लगाया कि कलेक्टर राजनीतिक दवाब में काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब भोजपुर, चुरहट और खरगापुर में निर्वाचन अधिकारी एसडीएम अन्य प्रत्याशियों की आपत्तियों पर फैसला लेकर नामांकन होल्ड कर सकते हैं, तो कलेक्टर गंभीर आपराधिक मामलों में फैसला क्यों नहीं ले सकते।

# केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले की पार्टी ने मप्र में भाजपा को दिया समर्थन

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) ने मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में समर्थन देने की घोषणा की है।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की मध्यप्रदेश इकाई ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देते हुए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के निर्देश पर पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई ने इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा को पत्र भेजकर समर्थन देने की घोषणा की है।

# बागियों को मनाने में जुटी कांग्रेस और भाजपा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही कांग्रेस और भाजपा को बागी नेताओं का रुख परेशान कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों ही दलों के कई नेताओं ने निर्दलीय अथवा छोटे दलों की ओर से बतौर उम्मीदवार नामांकन दाखिल किए हैं।राज्य में 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए 30 अक्टूबर तक नामांकन भरे गए हैं। नामांकन भरने वालों की संख्या 3,832 है, इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस और भाजपा के ऐसे असंतुष्ट नेता भी शामिल हैं जो टिकट न मिलने के चलते बागी हो गए हैं और उन्होंने नामांकन भी दाखिल कर दिया है।

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों को इन बागियों के मैदान में होने के कारण चुनाव में बड़े नुकसान की आशंका सता रही है। नामांकन वापसी की तारीख 2 नवंबर है, लिहाजा दोनों ही दल इन बागियों से सीधे संपर्क कर रहे हैं और उन्हें मनाने में जुटे हुए हैं। भाजपा की ओर से तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी कई ऐसे नेताओं से दूरभाष पर बातचीत की है जो नाराज होकर नामांकन भर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि कई नेताओं ने दो नवंबर को नामांकन वापस लेने का भरोसा दिलाया है तो वहीं कई दीगर नेता अब भी चुनाव लड़ने की बात पर अड़ हुए हैं। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित कई नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वह असंतुष्टों को मनाएं। साथ ही भरोसा दिलाए कि सरकार बनते ही उन्हें महत्व दिया जाएगा।

दूसरी ओर कांग्रेस भी बागियों से परेशान है और पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ऐसे नाराज और असंतुष्टों से बातचीत कर रहे हैं जो नामांकन भर चुके हैं। पार्टी की ओर से नाराज लोगों को मनाने के लिए जहां संगठन में जिम्मेदारी सौंपी जा रही है तो दूसरी ओर कई नेताओं को आश्वासन दिया जा रहा है कि उनके सम्मान का पार्टी ख्याल रखेगी सत्ता में आने पर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंप जाएगी।

# भाजपा ने चुनाव आयोग से की पेड न्यूज की शिकायत

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार कमलनाथ की पेड न्यूज संबंधी शिकायत चुनाव आयोग में की है। समाचार-पत्र में प्रकाशित समाचार को पेड न्यूज की श्रेणी में बताते हुए चुनाव आयोग से प्रतिनिधिमंडल ने कार्यवाही की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल ने मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि विदिशा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित एक समाचार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पार्टी के उम्मीदवार कमलनाथ के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रकाशित किया गया है। उक्त समाचार को कमलनाथ और कांग्रेस पार्टी की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रकाशित कराया गया है। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने उक्त पेड न्यूज को उनके निर्वाचन व्यय में सम्मिलित कर आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी कार्यवाही करने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री मनोज द्विवेदी और प्रदेश सह संयोजक श्री अशोक विश्वकर्मा शामिल थे।

## कूटरचित वीडियो पर भी जताई आपत्ति, मुख्यमंत्री की छवि खराब करने का आरोप

भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी और प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि खराब करने के लिए एक कूटरचित वीडियो सोशल मीडिया (एक्स) पर अपलोड किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कूटरचित वीडियो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि को धूमिल करने व भाजपा की जनहितैषी सरकार को बदनाम करने के लिए किया गया है। ऐसे षड्यंत्र कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व में भी किए जा चुके हैं। शिकायत में सोशल मीडिया पर कूटरचित वीडियो पोस्ट करने वाले पवन दीक्षित व दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध आईटीएक्ट व आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की मांग की गई है।

# भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप

## कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की शिकायत, प्रकरण दर्ज करने की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा गौर पर धार्मिक उन्माद फैलाकर आमजनों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग में इस बात की शिकायत करते हुए कांग्रेस ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने चुनाव आयोग को इस मामले की है। आयोग से की शिकायत में उन्होंने बताया कि गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा मंगलवार 31 अक्टूबर को प्रधान मण्डपम के पास होशंगाबाद रोड पर चुनाव प्रचार करते हुए महिला मतदाताओं के बीच में कांग्रेस पार्टी के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी तब हिन्दू महिलाओं के लिए करवा चौथ का व्रत रखना मुश्किल होगा, करवा चौथ नहीं मना पाओंगे, नव रात्रि का उत्सव होता है, माँ दुर्गा की आराधना होती है लेकिन आराधना नहीं कर सकेंगे, दीपावली का त्यौहार भी नहीं मना सकेगें इसलिए कांग्रेस पार्टी को वोट न देते हुए भाजपा को ही मतदान करें।

कांग्रेस का आरोप है कि श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा चुनावी प्रक्रिया के दौरान धर्म का प्रयोग करते हुए बहुसंख्यक वर्ग की महिलाओं को गुमराह करते हुए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जहर उगलते हुए अनर्गल आरोप लगाए है और धार्मिक उन्माद फैलाकर आमजनों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है, चुनाव के दौरान उन्होंने धर्म का दुरूपयोग करते हुए कांग्रेस की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है जो कि सीधे सीधे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। भोपाल गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा किए गए आदर्श आचार सहिता के उल्लंघन पर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाए।

# आचार समिति के सामने आज पेश होगी महुआ

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पैसा लेकर सवाल पूछने के विवाद में उलझी तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा ने बुधवार को कहा कि वह अपने खिलाफ आरोपों की जांच के लिए गुरुवार को संसद की आचार समिति के समक्ष उपस्थित होंगी लेकिन उन्होंने यह सवाल उठाया है कि क्या समिति आपराधिक प्रकृति के आरोपों की जांच कर सकती है। वह अपने खिलाफ शिकायत करने वाले वकील और हलफनामा देने वाले उद्यमी से जिरह करना चाहती हैं। सुश्री मोइत्रा ने आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर को मंगलवार को प्रेषित पत्र को बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी करते हुए लिखा कि चूंकि समिति ने उन्हें जारी समन को सार्वजनिक किया है, इसलिए वह समिति को लिखे अपने पत्र को सार्वजनिक कर रही हैं। उन्होंने लिखा है कि उनके खिलाफ शिकायत करने वाले वकील जय अनंत देहाद्रई और स्वत: हलफनामा दाखिल करने वाले कारोबारी दर्शन हीरानंदानी ने आरोपों के संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए हैं, इसलिये उन्हें देहाद्रई और हीरानंदानी के साथ जिरह करने की अनुमति दी जाए।

## शिकायतकर्ता ने कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए

सुश्री मोइत्रा ने कहा है कि शिकायतकर्ता देहाद्रई ने आरोपों के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए हैं और उन्होंने मौखिक गवाही के समय भी कोई साक्ष्य नहीं दिया है। ऐसे में नैसर्गिक न्याय का सिद्धांत है कि उन्हें देहाद्रई से जिरह करने की अनुमति मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह उनके खिलाफ हलफनामा देने वाले हीरानंदानी के साथ भी जिरह करना चाहती हैं।

# आखिर विपक्षी नेताओं के फोन में किसकी दिलचस्पी : चिदंबरम

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** फोन की जासूसी मामले पर विपक्ष आक्रमक हो गया है। विपक्षियों ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। एपल मैसेज चेतावनी आने के बाद से ही विपक्ष ने सरकार पर तीखे सवाल दागे हैं। इसी दौरान पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने एक सरकारी एजेंसी की ओर इशारा करते हुए कहा यह फिलहाल संदेह है। चिदंबरम ने कहा कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि विपक्षी नेताओं को एपल के जरिए आए खतरे का मैसेज राज्य प्रायोजित प्रयासों के बारे में अलर्ट हो। उन्होंने गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा, यह मैसेज सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही क्यों आए। आखिर विपक्षी नेताओं के फोन में किसकी दिलचस्पी है। उन्होंने कहा, पेगासस का मुद्दा अभी तक सुलझा नहीं, वहीं संदेह की उंगली सरकारी एजेंसी की ओर उठ रही है। बता दें कई विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें एपल से एक अलर्ट मिला है, जिसमें उनके आईफोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश करने और कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई है। इस आरोप को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खारिज करते हुए कहा कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी।

राहुल ने तेलंगाना में केसीआर पर साधा निशाना

# केसीआर सरकार भ्रष्टाचार में है लिप्त



**कोल्लापुर, एजेंसी।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय मोड में दिखाई दे रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर बीआरएस सरकार पर निशाना साधा है। बीआरएस सरकार पर कांग्रेस ने जमकर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि बीआरएस सरकार बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को धोखा दिया है।

राहुल गांधी मंगलवार को तेलंगाना के कोल्लापुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना एक विश्वासघात है। यह पैसा आपका और आपके भविष्य का है। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के गरीबों, किसानों, मजदूरों से एक लाख करोड़ रुपऐ चुराए हैं। बैराज के खंभे अब टूट रहे हैं। तेलंगाना में प्रत्येक परिवार को 2040 तक लगभग 31,000 रुपए का बोझ उठाना होगा। तेलंगाना के लोगों का पूरा पैसा केसीआर के परिवार के हाथों में जा रहा है।

गांधी ने आगे कहा कि अगर कांग्रेस इस बार सत्ता में आती है तो केसीआर द्वारा चुराया गया पैसा जनता वापस करेगी। तेलंगाना की जनता ने दोराला तेलंगाना नहीं बल्कि जनता के तेलंगाना का सपना देखा था। राज्य में इस बार कांग्रेस और बीआरएस के बीच मुकाबला नहीं है। बल्कि, असल मुकाबला दारोला तेलंगाना (सामंतों) और प्राजला तेलंगाना (जनता का तेलंगाना) के बीच है। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो जनता की अकांक्षाओं के लिए काम करेगी, जिसके लिए तेलंगाना का गठन किया गया था। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोगों की इच्छाओं का ख्याल और उनका सपना पूरा करवाया।

## भाजपा-ओवैसी पर भी साधा निशाना

राहुल गांधी ने कहा कि आज सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों के खिलाफ सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों जांच कर रही हैं लेकिन केसीआर के खिलाफ कोई भी एजेंसी जांच नहीं कर रही। केसीआर ने जीएसटी और कृषि कानूनों सहित लोकसभा में भाजपा का समर्थन किया था। अगर आप बीजेपी और एआईएमआईएम को वोट देंगे तो मदद बीआरएस को मिलेगी।

## मिजोरम के लिए सोनिया ने जारी किया वीडियो

मिजोरम विधानसभा की 40 सीटों पर आगामी 7 नवंबर को चुनाव होने जा रहे हैं। राज्य की सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट पार्टी का जोरम पीपल्स मूवमेंट और कांग्रेस के साथ कड़ा मुकाबला है। यहां पर बीजेपी भी पूरे जोर शोर से मैदान में उतरी हुई है। इस बीच कांग्रेस ने संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का एक विडियो जारी किया है, जिसमें वह मिजोरम की जनता से पार्टी के हक में वोट करने की अपील कर रही हैं।

# जम्मू-कश्मीर में एसआईए के दो साल पूरे

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने अपने अस्तित्व के दो साल पूरे किए और एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में 'शून्य आतंकवाद' हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जम्मू-कश्मीर में एक नवंबर, 2021 को गठित एसआईए को आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच और मुकदमा चलाने का काम सौंपा गया। साथ ही इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य केंद्रीय एजेंसियां के साथ समन्वय के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया। इन दो वर्षों में, एजेंसी ने 45 मामले दर्ज किए और आगे की जांच के लिए जम्मू-कश्मीर के अन्य थानों से 12 अतिरिक्त मामले अपने हाथ में ले लिए।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट सेन्टर, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

संविदा आधार पर विभिन्न विशेषज्ञ पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| विज्ञापन क्र. | पद नाम | रिक्त | श्रेणी/ समतुल्य श्रेणी |
|---|---|---|---|
| CRPD/SCO/2023-24/23 | सर्किल डिफेन्स बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) | 1 | - |
| CRPD/SCO/2023-24/24 | बिजनेस विश्लेषक | 1 | एमएमजीएस II |

आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले पात्रता और अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए बैंक की करियर वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन देखें. आवेदन करने के लिए, हमारे करियर पेज (https://bank.sbi/careers/current-openings) पर जाएं।

- ऑनलाइन आवेदन करने और शुल्क के भुगतान की तिथि : 21.10.2023 से 10.11.2023 तक

स्थान: मुंबई
दिनांक: 21.10.2023
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।